अमृत विचार

मुरादाबाद, रविवार, 28 सितंबर 2025

मुरादाबाद मंडल

## ब्रीफ न्यूज

### शराब के नशे में छोटे भाई की हत्या

धामपुर, अमृत विचार : धामपुर के मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा में शराब के नशे में हुए पारिवारिक विवाद शुक्रवार देर रात बड़े भाई ने 26 वर्षीय दिव्यांग छोटे भाई मोनू सैनी की गला दबाकर हत्या कर दी। मोनू पुश्तैनी मकान के भूतल पर रहता था, जबकि बड़ा भाई रवि सैनी दूसरी मंजिल पर रहता था। मोनू अविवाहित था और दाहिने पैर से दिव्यांग होने के बावजूद टेलरिंग करता था। वहीं, आरोपी रवि हलवाई है। दोनों भाइयों में अक्सर शराब पीने के बाद झगड़े होते रहते थे। शुक्रवार रात भी विवाद इतना बढ़ गया कि रवि ने गुस्से में आकर मोनू का गला दबा दिया। शनिवार सुबह कमरे में शव मिलने पर मोहल्ले में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### बीएसएफ जवान की पश्चिम बंगाल में मौत

चांदपुर, अमृत विचार : पश्चिम बंगाल के मालदा शिवपुरी में ड्यूटी के दौरान करंट लगने से चांदपुर निवासी बीएसएफ जवान की मौत हो गई। हिमांशु कुमार शुक्रवार को कैमरा ठीक करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए थे। हिमांशु कुमार (24) चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव शादीपुर मिलक के रहने वाले थे, जो बीएसएफ की 119 बटालियन में हेड कांस्टेबल आरएम रेडियो मैकेनिक के पद पर तैनात थे।

# बोर्ड बैठक में सोनकपुर, गोविन्दपुरम आवासीय योजनाओं को मिली मंजूरी

## दिल्ली रोड के प्रमुख चौराहों का नामकरण, सफाई व्यवस्था के लिए नई एजेंसी का चयन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



बोर्ड बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की 142वीं बोर्ड बैठक शनिवार को मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आवासीय योजनाओं से लेकर सफाई व्यवस्था और प्रमुख चौराहों के नामकरण तक कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी।

बैठक में सोनकपुर स्थित सहयाद्रि आवासीय योजना के पुर्ननियोजित ले-आउट को मंजूरी दी गई। लगभग 52 हेक्टेयर में फैली योजना के 25 हेक्टेयर हिस्से (पॉकेट-ए) से विकास कार्य शुरू होगा। योजना में लगभग 500 भूखंड, एक जूनियर हाई स्कूल और दो नर्सरी स्कूल होंगे। आवासीय भूखंड की दर 39,600 रुपये प्रति वर्ग मीटर और व्यवसायिक भूखंड की दर 79,200 रुपये प्रति वर्ग मीटर तय की गई है। रेरा में पंजीकरण के बाद ही योजना लॉन्च होगी। इसी तरह दिल्ली रोड स्थित मंगूपुरा व मनोहरपुर की जमीन पर प्रस्तावित गोविन्दपुरम आवासीय योजना का ले-आउट भी अनुमोदित हुआ। लगभग 47 हेक्टेयर में प्रस्तावित योजना फिलहाल 35 हेक्टेयर क्षेत्र में शुरू होगी। इसमें लगभग 600 आवासीय और 20 से अधिक व्यवसायिक भूखंड, इंटर कॉलेज, जूनियर हाई स्कूल व दो नर्सरी स्कूल शामिल होंगे। योजना के बीच में साइंस एवं टेक्नोलॉजी पार्क भी बनेगा। आवासीय भूखंड की दर 40,500 रुपये प्रति वर्ग मीटर और व्यवसायिक भूखंड की दर 81,000 रुपये प्रति वर्ग मीटर तय की गई।

बैठक में दिल्ली रोड और नया मुरादाबाद योजना के प्रमुख चौराहों व तिराहों के नामकरण को भी हरी झंडी मिली। साथ ही नगर निगम सीमा से बाहर दिल्ली रोड व रामपुर रोड पर सफाई व्यवस्था के लिए नई एजेंसी का चयन किया गया। यह एजेंसी जीरो प्वाइंट स्थित अर्बन विस्ता का विकास करेगी और दिल्ली रोड पर यूनिपोल लगाकर विज्ञापन से होने वाली आय से सफाई व पौधारोपण की जिम्मेदारी संभालेगी।

नया मुरादाबाद योजना के उद्यम विहार सेक्टर-2 में व्यवसायिक भूखंडों के आकार को छोटा करते हुए अब 400, 500 व 1000 वर्ग मीटर के भूखंड उपलब्ध कराने का फैसला हुआ। इससे छोटे उद्यमियों और निवेशकों को भी भूखंड मिल सकेंगे। इसके अलावा नगर निगम सीमा से बाहर और नगर निगम को हस्तांतरित न की गई योजनाओं, नया मुरादाबाद, एकता विहार उत्तरी व दक्षिणी आदि के आवंटियों से अब अनुरक्षण शुल्क वसूला जाएगा। यह शुल्क त्रैमासिक आधार पर लिया जाएगा और समय पर जमा न करने पर 100 रुपये प्रतिमाह जुर्माना देना होगा। बैठक में जिलाधिकारी अनुज सिंह, एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव सिंह, सचिव अंजूलता, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार यादव समेत कई अधिकारी, एमडीए बोर्ड के नामित सदस्य राजू कालरा व विकास जैन भी मौजूद रहे।

## युवती को ब्लैकमेल करने में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**पाकबड़ा, अमृत विचारः** युवती से कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर देने के बाद दुष्कर्म कर मोबाइल से वीडियो बनाकर एक लाख की मांग करने में युवती ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा कराया पुलिस ने मुकदमा करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

एक गांव की युवती ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कराया है करीब साल भर पहले थाना क्षेत्र कुंदरकी के गांव पंडिया के निवासी अरुण पुत्र संजय ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दी। उसने कमरे पर ले जाकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। मेरी फोन से वीडियो बना ली। जब मुझे होश आया तो उसने मुझे वीडियो दिखाया। कहा कि मुझे एक लाख रुपए या फिर आईफोन दे दो। तब यह वीडियो में डिलीट कर दूंगा। अगर यह बात किसी को बताई और इसकी शिकायत कहीं की तो कहने पर जान से मारने की धमकी दी। इस बात को लेकर वह मुझे लगातार टॉर्चर करता रहा। बहुत ज्यादा परेशान होने के बाद काफी दिनों के बाद मैं कोर्ट में जाकर अपना मुकदमा पंजीयन करने के लिए आवेदन दिया। कोर्ट के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## प्रेम प्रसंग में युवक पर पेट्रोल डालकर लगाई आग, गंभीर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● परिजनों ने तीन लोगों पर लगाया जान से मारने का आरोप

**अमृत विचारः** मझोला थाना क्षेत्र के नया मुरादाबाद सेक्टर-13 में शनिवार दोपहर एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया। प्रेम प्रसंग के विवाद में एक युवक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। गंभीर रूप से झुलसे युवक को नाजुक हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

नया मुरादाबाद सेक्टर-13 में शनिवार की दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रेम- प्रसंग के विवाद में एक युवक को पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। चीख-पुकार सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। गंभीर रूप से झुलसे युवक की पहचान ऋतिक सिंह के रूप में हुई है, जो पेशे से झांकी करने का काम करता है।

सूचना पर पहुंचे परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की टीम उसकी जान बचाने के प्रयास में जुटी है। घटना से परिजनों में कोहमरा मचा हुआ है। ऋतिक की बहन कशिश ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस वारदात के पीछे बरखा माला के पति मुकेश का हाथ है। आरोप है कि मुकेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले ऋतिक को घेर लिया और फिर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया।

परिजनों का कहना है कि यह कोई सामान्य झगड़ा नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत किया गया हमला है। परिजनों ने मझोला थाने में तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार कहना है कि प्रेम प्रसंग की कहानी में कितनी सच्चाई है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

फिलहाल हर पहलू पर जांच की जा रही है। बताया गया कि महिला बरखा माला से ऋतिक का प्रेम प्रसंग चल रहा है, इसी वजह से महिला के पति मुकेश ने ऋतिक को जिंदा जलाकर मारने की कोशिश की है।

# शिविर में प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचे लोग

संवाददाता, मुरादाबाद



शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने को लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान के तत्वावधान में विकलांगता प्रमाण पत्र बननवाने के लिए शिविर लगाया गया। इसमें जिला चिकित्सालय से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वसीम खान, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. एस धनंजय, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.जूही सक्सेना और दिव्यांग बोर्ड टीम के सहायक कैलाश सिंह ने मरीजों की जांच की।

संस्थान की ट्रस्टी शिखा गुप्ता ने कहा कि फील्ड टीम से पता चला कि गांव में रहने वाले दिव्यांग लोगों के पास विकलांगता प्रमाण पत्र न होने से उन्हें सरकारी सुविधा नहीं मिल पाती हैं। इसलिए शिविर लगवाया गया। शिविर में एक ही छत के नीचे विकलांगताओं के परीक्षण, उनका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, उनके फोटो, उनकी केवाईसी को लिंक करना और अन्य कागज तैयार कराया जाता है। संस्थान की वाइस चेयरपर्सन डॉक्टर आशि खुराना ने चिकित्सकों को एक पुस्तक व एक पौधा भेंट किया। लो विज़न डिपार्टमेंट की इंचार्ज स्प्राहा यादव ने बताया शिविर में 125 लोग शामिल हुए। शिविर का संयोजन प्रभा शोत्रीय व संचालन गरिमा सिंह ने किया। इस दौरान डॉ. जीएस तिवारी, मुन्ना सिंह, हिमांशु, प्रिया, नेहा, सौरव आदि रहे।

## टीम ने जिला कृषि अधिकारी व किसान को भेजा नोटिस

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**अमृत विचारः** जिला कृषि अधिकारी और किसान के बीच पैसे मांगने के मामले में बैठी जांच में दोनों को जांच अधिकारी डीसी एनआरएलएम, जिला विकास अधिकारी ने नोटिस भेजा। पीड़ित और आरोपी दोनों से किसी ने अभी तक पक्ष नहीं रखा है। टीम ने 15 दिन में पक्ष रखने के लिए नोटिस भेजा है।

सितंबर में कलेक्ट्रेट में लगे किसान दिवस में बिलारी निवासी मिलेट्स की खेती करने वाले गतिशील किसान आरेंद्र बढ़गोती ने सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी के सामने जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेंद्र सिंह पर पैसे मांगने का आरोप लगाया था। किसान ने विकास भवन में बनी गौरव गैलरी में फोटो लगवाने के नाम पांच हजार रुपये मांगे जाने और न देने पर किसान को धमकाने का आरोप लगाया था। जिसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला विकास अधिकारी गोविंद बल्लभ पाठक और डीसी एनआरएलएम आरपी भगत व एसीएम प्रथम को जांच सौंपी थी। डीपीआरओ ने बताया दोनों ने कहने के बाद भी पक्ष नहीं रखा।

# डीपीआरओ ने किया गांवों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● ग्राम पंचायतों में लापरवाही से फैली डेंगू-मलेरिया की बीमारी

● कई गांव में अपने सामने कराया दवा का छिड़काव और फॉगिंग

**अमृत विचारः** ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू और मलेरिया बढ़ता जा रहा है। इसकी वजह प्रधानों, सफाईकर्मियों और ग्राम पंचायत अधिकारियों की लापरवाही मानी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने कई ग्राम पंचायतों को डेंगू-मलेरिया प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया है।

शनिवार को डीपीआरओ आलोक कुमार ने मूंढापांडे ब्लॉक के गांव भीथ खेड़ा, लाला टीकर, विकनपुर और मूंढापांडे में डेंगू और मलेरिया प्रभावित ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर देखा कि बीमारियों के बढ़ने से लोग सहमें थे। लोगों में बुखार, शरीर में दर्द और कमजोरी जैसी शिकायतें तेजी से बढ़ी हैं। डीपीआरओं ने कई गांवों में अपने सामने ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, फॉगिंग और नालियों की सफाई कराई। गांवों में फैली गंदगी से आक्रोश का सामना भी करना पड़ा।



गांव में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते डीपीआरओ। ● अमृत विचार

# बरेली बवाल के बाद रामपुर में अलर्ट



सिविल लाइंस क्षेत्र में पैदल गश्त करते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार



कार्यालय से निगरानी करते अधिकारी।

● डीएम और एसपी ने क्षेत्र में की पैदल गश्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद शनिवार को पुलिस ने तौकीर रजा को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद आसपास के जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। शाम को डीएम और एसपी ने शहर में पैदल गश्त की। बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद एक दम से बवाल हो गया था।

उसके बाद चारों ओर लोग ही लोग नजर आ रहे थे। पुलिस के रोकने पर लोगों ने पुलिस से धक्का मुक्की कर दी थी। उसके बाद पुलिस ने लाठी चार्ज करके सभी को खदेड़ दिया था। जिसमें शनिवार को पुलिस ने तौकीर रजा को सहित कई लोगों को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया। उसके बाद से पुलिस वहां परतैनात है।

सुरक्षा के लिहाज से आसपास जिलों को भी अलर्ट कर दिया गया है। एसपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि पैदल गश्त की गई है।

## लिफ्ट देकर होटल में ले जाकर महिला से किया दुष्कर्म

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ दिन पहले बाजार से घर लौट रही थी। मझोला थाना क्षेत्र के सिरकोई भूड़ निवासी शाहनवाज ने उसे देखकर कार रोक ली। आरोपी शाहनवाज ने कहा वह उधर ही जा रहा है। महिला पहले से उसे जानती थी। जिस कारण उस पर विश्वास करके उसके साथ कार में बैठ गई। पीड़िता का कहना है कि इसके बाद आरोपी उसे किसी होटल में ले गया। उसने उससे पूछताछ तो आरोपी ने उसे धमकी दी कि अगर शोर मचाएगी तो जान से मार दूंगा। इसके बाद होटल के कमरे में ले गया और डराकर दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को रास्ते में ही छोड़ दिया। बदनामी के डर उसने किसी को नहीं बताया। पीड़िता ने बताया आरोपी ने उसे ब्लैकमेल करने की कोशिश की।

# प्रसूताओं की गोद भराई व अन्नप्राशन संस्कार कर वितरित किए आयुष्मान कार्ड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




गोदभराई कार्यक्रम में शामिल महिलाएं और अधिकारी। ● अमृत विचार

● सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर लगी चित्र प्रदर्शनी का समापन

**अमृत विचारः** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष, पोषण माह एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में किया गया। इसका समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। महामंत्री स्वतंत्रता सेनानी संगठन धवल दीक्षित ने बच्चों को पोषण और स्वच्छता के महत्व पर जागरूक किया। बाल विकास परियोजना की सीडीपीओ जानकी आर्य ने गोद भराई और अन्नप्राशन की रस्में भी कराई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा डायरिया जागरूकता और आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। "डायरिया से डर नहीं" अभियान के तहत ओआरएस कॉर्नर लगाए गए। इसमें लोगों को ओआरएस घोल बनाने की विधि बताई और मुफ्त वितरण किया गया। साथ ही आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को डायरिया प्रबंधन पर प्रशिक्षित किया गया।लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए। इस अवसर पर पीएसआई इंडिया से मोहम्मद रिजवान व ममता सैनी, योजना के जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पीताम्बर सिंह मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ने सभी का उत्साह बढ़ाया।

## एनसीसी कैडेट्स को राष्ट्रसेवा की मिली प्रेरणा

● हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद में व्याख्यानमाला का समापन

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** हिन्दू कॉलेज में रक्षा एवं स्ट्रैटेजिक अध्ययन विभाग तथा 24वीं बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय व्याख्यानमाला का समापन शनिवार को हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत रहे।

विशेष व्याख्यान में डॉ. चरण सिंह ने कारगिल संघर्ष और भारतीय सेना की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कारगिल युद्ध न केवल सैन्य दृष्टि से महत्वपूर्ण था, बल्कि यह भारतीय सेना की वीरता, साहस और त्याग का प्रतीक बन गया। उन्होंने छात्रों को राष्ट्र के प्रति सजग रहते हुए यह संदेश दिया कि देश की रक्षा केवल सेना की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। प्राचार्य ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में भागीदारी करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य ने कहा कि एनसीसी जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मबल विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से सेवा, समर्पण और कर्तव्य परायणता को जीवन का मूल मंत्र बनाने की अपील की। दस दिवसीय व्याख्यानमाला के दौरान विद्यार्थियों और एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न सामरिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। व्याख्यान में भारत-चीन युद्ध 1962, भारत-पाक युद्ध 1965, कारगिल युद्ध, मानचित्र अध्ययन का सामरिक महत्व, एसएसबी की तैयारी एवं सैन्य करियर की संभावनाएं, भारतीय सेना में महिलाओं की भूमिका, इसके अतिरिक्त राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, सैन्य नेतृत्व एवं अनुशासन जैसे विषयों पर भी विचार प्रस्तुत किए गए। समारोह में रक्षा अध्ययन विभागाध्यक्ष प्रो. एके सिंह ने अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन कैप्टन (डॉ.) राजीव कुमार व संचालन डॉ. चंद्रजीत यादव ने किया।

कार्रवाई

17 साल की उम्र से पशु तस्करी में लिप्त जुबैर पर 25 साल की उम्र में दर्ज हो गई थी 18 एफआईआर

# नाबालिग जुबैर देखते ही देखते बन गया पशु तस्कर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



मुठभेड़ के बाद, मौजूद सीओ सिटी एवं पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार



दरोगा का हाल चाल लेते डीआईजी।

**अमृत विचारः** गोरखपुर की पिपराइच के जंगल धूसड़ महुआचाफी गांव में छात्र दीपक गुप्ता की हत्या के बाद चर्चा में आया घेरमर्दान खां का जुबैर 17 साल की उम्र में पशु तस्करी में लिप्त हो गया था। 25 की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते उस पर गोरखपुर से लेकर जिले भर के थानों में 18 मुकदमें दर्ज हो गए।

इतना ही नहीं जुबैर को एचएस नंबर 70बी भी मिल गया। कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि उसके दोनों भाइयों पर भी कई केस दर्ज हैं। पुलिस उनका रिकार्ड भी खंगाल रही है।शुक्रवार रात सीओ सिटी जितेंद्र कुमार को एक संदिग्ध बाइक की सूचना दी गई। चाकू चौराहे के पास सीओ सिटी द्वारा थाना गंज पुलिस के साथ चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर 2 संदिग्ध दिखे, जिन्हें रुकने का इशारा किया गया तो भागने लगे। टीम ने घेरने का प्रयास किया तो बाइक सवारों ने फायरिंग कर दी। टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ कार्रवाई की गई। जिसमें जुबैर उर्फ कालिया पुत्र फिरासत उर्फ नौरंगी निवासी घेर मर्दान खां थाना कोतवाली घायल हुआ था। एक संदिग्ध अंधेरे का फायदा उठा फरार हो गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच उसका पोस्टमार्टम कराया। सीओ सिटी जितेंद्र कुमार ने बताया कि 17 साल की उम्र में वह गोकशी में लिप्त हो गया था। 25 साल की उम्र में उसके ऊपर गोरखपुर से लेकर जिले के सभी थानों में 18 मुकदमें दर्ज हैं। उसका हिस्ट्रीशीट खुली थी।

### शव परिजनों को सौंपा

शनिवार देर शाम जुबैर के शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। एसपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि मामले में सीओ सिटी जितेंद्र कुमार द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। छात्र दीपक की हत्या के मामले में गोरखपुर से इसके ऊपर एक लाख का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस ने उसे मुठभेड़ में मार गिराया।

### 12 दिन में ही पुलिस ने ढेर कर दिया जुबैर

गोरखपुर में 19 साल के दीपक गुप्ता की उस समय हत्या कर दी गई थी जब वह तस्करों को जानवरों की चोरी करने से रोक रहा था। दीपक नीट की तैयारी कर रहा था। इस हत्या के पीछे रामपुर के शहर कोतवाली के मोहल्ला घेर मर्दान खां निवासी जुबैर का नाम सामने आया था। उसके बाद से पुलिस महकमा अलर्ट हो गया था। नतीजा यह निकला कि 12 दिन में पुलिस ने जुबैर को ढेर कर दिया। छात्र दीपक की मौत के बाद जुबैर का नाम उसमें शामिल होने के बाद प्रदेश में मुद्दा छाया हुआ था। मुख्य आरोपी जुबैर के मुठभेड़ में ढेर होने की जानकारी मिली, तो रामपुर सुर्खियों में छा गया। रात में ही अधिकारियों के फोन बजना शुरू हो गए।

### डीआईजी ने मुठभेड़ पर टीम को दी बधाई

मुठभेड़ की सूचना मिलते ही आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसके बाद अन्य आरोपियों को तलाश किया, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। हालांकि पुलिस ने करीब एक घंटे तक जंगल में तलाश किया। डीआईजी रामपुर पहुंचे और जानकारी लेकर देर रात को रवाना हो गए। टीम को बधाई दी। डीएम जोगिंदर भी मौके पर पहुंचे ।उसके ऊपर सभी मुकदमे तस्करी से जुड़े हुए थे। पुलिस काफी समय से आरोपी को तलाश रही थी। कुछ दिन पहले ही उसके ऊपर पुलिस ने एक लाख का इनाम रखा था। जुबैर से मुठभेड़ के दौरान चाकू चौराहे से लेकर जिला अस्पताल तक पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। ताकि किसी प्रकार का कोई बवाल नहीं हो सके। देर रात तक जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारी लगातार घटनास्थल का जायजा ले रहे थे। पुलिस भी हूटर बजाती हुई इधर उधर घूम रही थी। पिकेट भी सुरक्षा के लिहाज से ड्यूटी दे रही थी। वहीं घेर मर्दान खां में भी पुलिस बल तैनात रहा।

### पिकअप से हत्यारोपी तक पहुंची पुलिस

सीसीटीवी में जिस पिकअप का इस्तेमाल गो तस्करी के लिए किया गया वह पिकअप रामपुर की निकली। यही से पुलिस को जुबैर तक पहुंचने में आसानी हुई। शुक्रवार रात एसटीएफ और रामपुर पुलिस की कार्रवाई में जुबैर का अंत हो गया।

पशु तस्करी को लेकर जिला पहले भी बदनाम रहा चुका है। आए दिन घेर मर्दान खां में पशु लाकर उन्हें काटना लोगों का धंधा बन चुका है। पुलिस भी रोकने में लगातार नाकाम रहती है। जब रोकने का प्रयास करती है पिटकर चली आती है। कई बार गो तस्कर पुलिस कर्मियों को बंधक बनाकर मारपीट तक कर चुके हैं। कई बार वाहन पुलिस कर्मियों पर चढ़ाए जा चुके है। जिले की पुलिस गोकशी पर रोक लगाने के लिए सक्रिय है। पुलिस फरार चल रहे गोकशों को चुन कर उनके घर पर रोजाना छापेमारी करती है। अब तक पुलिस 100 से ज्यादा गोकशों के पैर में गोली मार उन्हें घायल कर चुकी है। जबकि फरार बदमाशों की तलाश जारी है।

## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्ति के नौ रूपों में छठवीं रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

**बीज मंत्र... क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।**

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने बैंक शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था देखी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में कोतवाली पुलिस ने अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत सभी बैंकों, एटीएम व बैंकों के आसपास खड़े वाहन की सघन जांच की। कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल के निर्देश पर उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित ने पुलिसकर्मियों के साथ बैंक शाखाओं व एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वाहनों को चेककर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। सीसीटीवी और रजिस्टर देख सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिये। अभियान में महिला हेड कांस्टेबल पूनम, निशु, कांस्टेबल गौरव कुमार रजत बालियान सहित अन्य मौजूद रहे।

### आगामी त्योहारों को लेकर तैनात किए मजिस्ट्रेट

**बिलारी, अमृत विचार :** अष्टमी, विजय दशमी आदि त्योहारों को लेकर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। बिलारी थाना क्षेत्र में मजिस्ट्रेट तहसीलदार अंकित गिरी अतिरिक्त मजिस्ट्रेट खंड विकास अधिकारी बिलारी, थाना मैनाठेर क्षेत्र में मजिस्ट्रेट तहसीलदार न्यायिक कमलेश कुमार, थाना कुंदरकी क्षेत्र में मजिस्ट्रेट खंड विकास अधिकारी कुंदरकी तथा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट बाल विकास परियोजना अधिकारी बिलारी, थाना सोनकपुर क्षेत्र में मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव तथा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट खंड शिक्षा अधिकारी कुंदरकी को बनाया गया है, साथ ही जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपने क्षेत्र में रहकर भ्रमण करें।

# जोत जगे दिन रात मैया जी तेरी जोत जगे...

## मंदिरों में दिनभर गूंजे मां भगवती के जयकारे, मंदिरों व घरों में भक्तों ने की स्कंदमाता की आराधना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जोत जगे दिन-रात, मैं बालक तू माता, चलो बुलावा आया है, दरबार तेरा दरबारों समेत जय माता दी के स्वर देर रात तक मंदिरों गूंजते रहे। नवरात्र में शनिवार को भक्तों ने मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूरे श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। माता के दरबार में विशेष श्रृंगार और भव्य आरती का हुई।

कोर्ट रोड और बुध बाजार स्थित दुर्गा माता मंदिर, गीताज्ञान मंदिर, गोविंद नगर स्थित सत्य हरि शिव मंदिर, मनोकामना मंदिर सहित विभिन्न दुर्गा मंदिरों में सुबह की मंगल आरती से ही भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी। श्रद्धालुओं ने माता रानी के चरणों में प्रसाद, नारियल, चुनरी और फूल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। देर शाम तक मंदिरों में भजन-कीर्तन और दुर्गा सप्तशती के पाठ से वातावरण भक्तिमय बना रहा। स्कंदमाता के दरबार में भक्तों ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए। कहीं माता का भव्य झांकी स्वरूप सजाया गया तो कहीं भक्तों ने अखंड ज्योति जलाकर मां से आशीर्वाद मांगा। शहर भर में जगह-जगह भजन संध्याओं का आयोजन हुआ। नवरात्र में रोजाना माता के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है।

शास्त्रों के अनुसार, स्कंदमाता भगवान कार्तिकेय की माता हैं और इनकी उपासना से साधक को ऐश्वर्य, समृद्धि और शक्ति की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि स्कंदमाता की कृपा से हर संकट का निवारण होता है। इसी आस्था के चलते भक्त शनिवार को विशेष रूप से माता की पूजा में लीन रहे। पंडित दीपक कृष्ण ने बताया कि स्कंदमाता की आराधना से भक्त को संतान सुख और वैभव की प्राप्ति होती है। जो साधक श्रद्धा और निष्ठा से मां की पूजा करता है, उसके जीवन से कष्ट और विघ्न दूर हो जाते हैं।



**आओ मां आपका स्वागत है...** मूर्तिकारों द्वारा तैयार मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा। ● अमृत विचार

### मंदिरों में सुबह से ही लगी रहीं कतार

पुजारी पुरुषोत्तम उपाध्याय ने बताया कि आज मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लगी रही। भक्तों ने मां को फल, पुष्प और चुनरी अर्पित की। मां के दरबार में भक्ति का ऐसा माहौल रहा जिसने हर किसी का मन मोह लिया। स्त्री, पुरुष युवा और बच्चे सभी का रुख मंदिरों की ओर था। भक्तों ने दिनभर व्रत रखकर शाम को मां के भोग में फलाहार और प्रसाद चढ़ाया।




मंदिर में दर्शन से पहले सेल्फी लेते युवा। ● अमृत विचार

# भक्ति गीतों पर झूमे लोग खेली फूलों की होली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● परशुराम सेवा समिति की ओर से कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार :** परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को मनोरंजन सदन में 20वां महाव्रत पारायण एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम पंडित अनिमेष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के पदाधिकारियों व विशिष्टजन द्वारा मां भगवती एवं भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

भजन गायक आचार्य व्योम त्रिपाठी ने गणेश वंदना से भजन संध्या का शुभारंभ किया। भक्ति गीतों पर लोग खूब झूमे। साथ ही फूलों की होली खेली गई। भगवान परशुराम सेवा समिति की महिलाओं द्वारा माता रानी की प्रतिमा का मेंहदी, चूड़ी, सुंदरी, नेल पेंट आदि से श्रृंगार किया गया।

इस दौरान सम्मान समारोह में सुशील कुमार शर्मा को भगवान परशुराम सेवा सम्मान और डॉ. शशि शर्मा मां रेणुका सेवा सम्मान" से सम्मानित किया। भारत विकास परिषद, ह्यूमेन वेलफेयर एसोसिएशन एवं हार्टफुलनेस सेंटर, इन तीन स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

इसके अलावा विशिष्टजन को अलग-अलग क्षेत्रों में सामाजिक सेवा के लिए सम्मानित किया। चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. भवतोष शंखधार, शिक्षा के क्षेत्र में अखिलेश शर्मा, पत्रकारिता के क्षेत्र में सुशील शर्मा, साहित्य के क्षेत्र में डॉ. हेमा तिवारी भट्ट और समाज सेवा के क्षेत्र में सुरेंद्रनाथ दीक्षित को सम्मानित किया। संयोजक पंडित संजय स्वामी ने समिति द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पेश की।

समिति के अध्यक्ष अनिमेष शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन कवि मयंक शर्मा ने किया। इस मौके पर उमेश त्रिवेदी, डॉ. केके मिश्रा, राजेंद्र मोहन शर्मा, अवधेश पाठक, हिमांशु वशिष्ठ, रामजी पांडे, संजीव आकांक्षी, अजय मोहन शर्मा, निशांक शर्मा, कृष्णा मणि त्रिपाठी, सौरभ त्रिवेदी आदि रहे।

# वियोग में 'राम-राम' कहते राजा दशरथ ने त्याग दिए प्राण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● भरत मिलाप और पंचवटी के प्रसंगों ने किया भावविभोर

**अमृत विचार :** श्री राम कथा मंचन समिति के तत्वावधान में लाजपत नगर स्थित रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में भगवान श्रीराम की लीलाओं का अद्भुत मंचन किया गया। शनिवार की लीला का प्रारंभ अयोध्या नरेश राजा दशरथ के मरण प्रसंग से हुआ। राम वियोग में व्याकुल दशरथ 'राम-राम' कहते हुए प्राण त्याग देते हैं।

मंचन में दिखाया कि गुरु वशिष्ठ को जब यह सूचना मिलती है तो राजा के शव को रखकर भरत और शत्रुघ्न को बुलाया जाता है। अयोध्या लौटे भरत ने सुनसान नगरी और शोक में डूबी अयोध्या को देखकर गहरा दुख व्यक्त किया। मंथरा ने भरत को राजा बनने की खुशखबरी सुनाई और कहा कि तुम्हारे सभी कांटे समाप्त हो चुके हैं। माता कैकेई को कठोर शब्दों में फटकारते हुए राम को अयोध्या वापस लाने का संकल्प व्यक्त करते हैं। पंचवटी प्रसंग में लक्ष्मण ने शूर्पणखा की नासिका काटी। फिर रावण द्वारा सीता हरण की योजना और उनका हरण का दृश्य भी जीवंत किया गया। इन प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री विनोद बाबू सक्सेना, राजीव राघव, श्याम कृष्ण रस्तोगी, मुकुल बंसल, विवेक शर्मा, शम्मी रस्तोगी, काव्य सौरव रस्तोगी, असीम अग्रवाल, रामकुमार गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल आदि रहे।

# चारा काट रही महिला पर हमला

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में पशुओं के लिए चारा काट रही महिला पर दो लोगों ने बुरी नीयत से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे छजलैट की एक महिला अपने खेत में चारा काट रही थी। तभी पहले से घात लगाए बैठे रमपुरा निवासी जोगिंदर सिंह उर्फ चुहिया और चतर सिंह ने उसे दबोच लिया और बदतमीजी करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला के सिर पर फावड़े से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में महिला का सिर फट गया।

घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल मुरादाबाद में भर्ती कराया गया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# पंडाल तैयार, आज तो कहीं कल विराजेंगी मां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● कालीबाड़ी में आज होगा प्रतिमा का अनावरण, होगी षष्ठी पूजा

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा के पंडाल सजकर तैयार हो गए हैं। कहीं रविवार को तो कहीं सोमवार को माता रानी की प्रतिमाएं भव्य पंडालों में विराजित की जाएंगी। इसके साथ ही षष्ठी पूजा का आयोजन होगा। श्रद्धालु मां दुर्गा के स्वागत के लिए इंतजार कर रहे हैं।

मुरादाबाद बंगाली कल्चरल एजुकेशनल सोसाइटी के पूजा सचिव प्रसांजीत घटक ने बताया कि षष्ठी पूजा सबसे पवित्र दिन है। इस दिन मां दुर्गा का आह्वान कर पूरे विधि-विधान से उनकी उपासना की जाती है। इस बार पंडाल को बंगाली थीम पर सजाया गया है जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। मां दुर्गा की प्रतिमाएं पूरी तरह से तैयार हो चुकी हैं। कारीगरों ने महीनों की मेहनत से दिव्य स्वरूप गढ़ा है। प्रतिमा का अनावरण रविवार को षष्ठी पूजा के साथ किया जाएगा। भक्तों के लिए सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का भी इंतजाम किया गया है। पंडाल में रोशनी, झांकियों और थीम आधारित मंडपों ने उत्सव की भव्यता को और बढ़ा दिया है। ढाक की थाप और शंखनाद के बीच पूजा-अर्चना के साथ वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला होगी। भजन, नृत्य और पारंपरिक प्रस्तुतियों के जरिए मां की महिमा का गुणगान किया जाएगा। सर्वोदय विकास समिति के तत्वावधान में श्री सार्वजनिन दुर्गा के निमित्त मां की भव्य मूर्ति को रविवार को सुबह स्थापित की जाएगी। समिति के सचिव तुषार विश्वास ने बताया कि पुष्पांजली पूजा कर दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया जाएगा।

बताया कि एक अक्टूबर तक इस तरह कार्यक्रम होंगे। सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक दुर्गा मां को पुष्पांजलि पूजा अर्पित की जाएगी। इसके बाद दोपहर 1 बजे से नियमित चार बजे तक भंडारे का आयोजन होगा। शाम छह बजे से संध्या आरती के रूप में संपन्न होगा, जिसमें धुनुची नृत्य सहित अन्य पूजा की प्रस्तुतियां दी जाएगी। रात को आठ बजे से संस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे जागरण, सिंगिंग, नृत्य कला आदि होंगे। भक्तों का कहना है कि मां के स्वागत की खुशी उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।




दुर्गा पूजा से पूर्व सजा पंडाल का मुख्य दरवाजा। ● अमृत विचार

# नवरात्र में बढ़ी व्रत की थाली की मांग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● होटल व रेस्टोरेंट में परोसे जा रहे सेंधा नमक से बने सात्विक व्यंजन

**अमृत विचार :** नवरात्र में महानगर के होटल और रेस्टोरेंट सात्विक भोजन परोसने में जुट गए हैं। लोगों की सुविधा के लिए खास व्रत थालियां तैयार की जा रही हैं, जिनमें प्याज और लहसुन का इस्तेमाल नहीं हो रहा। सेंधा नमक से बने इन व्यंजनों को लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

नौकरीपेशा के लिए दिनभर ऑफिस में व्यस्त रहने के कारण घर पर सात्विक भोजन तैयार कर पाना उनके लिए आसान नहीं होता, ऐसे में होटल और रेस्टोरेंट से तैयार थाली मंगवाना उनकी पहली पसंद बन गया है। थाली में आलू की टिक्की, कुट्टू की पकौड़ी, सूखे आलू, दही, साबूदाना खिचड़ी और फलाहार प्रमुख रूप से शामिल हैं। मीठे में फ्रूट सलाद और खीर परोसी जा रही है। होटल संचालकों का कहना है कि सबसे ज्यादा मांग आलू टिक्की, कुट्टू की पकौड़ी और सूखे आलू की है, जिन्हें सुबह से ही ग्राहक बुक करा रहे हैं। बुधबाजार स्थित एक रेस्टोरेंट संचालक सार्थक गुप्ता अग्रवाल ने बताया कि नवरात्र में लोग घर जैसा स्वाद और सात्विकता चाहते हैं। अधिकांश लोग कुट्टू की पकौड़ी और आलू की टिक्की पसंद कर रहे हैं। लाजपत स्थित एक होटल में संचालक नीशू अग्रवाल ने बताया कि रोजाना दर्जनों परिवार और नौकरीपेशा लोग थाली की बुकिंग कर रहे हैं। थाली में लौकी की सब्जी, कुट्टू के आटे की पूड़ी, दही और फ्रूट सलाद शामिल है। होटल-रेस्टोरेंट में तैयार यह थाली न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि व्रत की पवित्रता का भी पूरा ध्यान रख रही है।



महानगर के एक रेस्टोरेंट में व्रत की थाली तैयार करते कारीगर। ● अमृत विचार

# चित्रकला व लेखन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● भारतीय सूफी फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार :** भारतीय सूफी फाउंडेशन द्वारा आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में चित्रकला एवं लेखन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह प्राथमिक विद्यालय किसरौल (बालक) में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक ,बेसिक शिक्षा अधिकारी, नगर शिक्षा अधिकारी एवं भारतीय सूफी फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यक्रम का फीता काट कर शुभारंभ किया।

शनिवार को चित्रकला एवं लेखन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथियों ने बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार तहूर (प्राथमिक विद्यालय किसरौल बालक), दीपांशु कश्यप (प्राथमिक विद्यालय लालबाग बालक), तुलसी (प्राथमिक विद्यालय कन्या दांग), आलिया (कंपोजिट विद्यालय तहसीली) और अरीबा (कंपोजिट विद्यालय दांग) ने प्राप्त किया। वहीं द्वितीय पुरस्कार मुमताज जहां, जारा मसूद, धारा, जिक्रा फातिमा और जोयेना जरीन को मिले। तीसरे स्थान पर मुस्कान, नौमान, चंचल, आयत और अलीशा रहे। इसके अलावा 50 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक विद्यालय किसरौल बालक की प्रधानाध्यापिका रेहाना परवीन ने किया।

# छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को मिला मंच



गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यशाला के समापन पर शिक्षकों के साथ मौजूद प्रतिभागी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● गोकुलदास में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में चित्रकला विभाग एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में उत्कर्ष ललित कला अकादमी के सहयोग से चित्रण कार्यशाला का समापन शनिवार को हुआ।

समापन अवसर पर प्राचार्य प्रो. चारु मेहरोत्रा ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्राओं को व्यावसायिक कौशल के साथ-साथ रचनात्मक विकास का अवसर भी प्रदान करती हैं।कार्यशाला में छात्राओं की कलात्मक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए डॉ. राजेंद्र सिंह पुंडीर ने कहा कि रचनात्मकता केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं,बल्कि सशक्त आत्मनिर्भरता की ओर भी एक कदम है। इस अवसर पर कार्यशाला प्रभारी डॉ. प्रेमलता कश्यप और पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. पुनीता शर्मा को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ.प्रेमलता कश्यप द्वारा किया गया,जबकि गृह विज्ञान विभाग की तबस्सुम और यशिका प्रजापति ने सहयोग किया। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को विशेष पुरस्कार दिए गए।

**आत्मनिर्भर नारी**

**पंचायत भवन में मिशन शक्ति फेज-5 .0 के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित**

# महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के मुद्दों पर केंद्रित रहा कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पंचायत भवन सभागार में मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत शनिवार को वृहद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नारी सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को रेखांकित किया गया। नारी उत्थान केंद्र की काउंसलर को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। डीआईजी मुनिराज जी ने छात्राओं को दी शुभकामनाएं दीं।

पंचायत भवन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी मुनिराज जी ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नाट्य कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं और सुविधाएं जैसे महिला हेल्प डेस्क,साइबर सेल, हेल्पलाइन नंबर 112 और 1076 प्रभावी ढंग से संचालित की जा रही हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि मिशन शक्ति के हर चरण ने महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क को मिनी पुलिस स्टेशन का रूप दिया गया है, जिससे महिलाएं बिना भय और संकोच के अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें। उन्होंने छात्राओं से बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का आह्वान किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने कहा कि नारी शक्ति समाज का संतुलन है नारी शक्ति केवल संघर्ष की प्रतीक नहीं, बल्कि समाज के निर्माण और विकास की धुरी भी है। नाटकों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में कौशल्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नाटकों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को प्रभावित किया। इन प्रस्तुतियों में नारी आत्मनिर्भरता, साहस और जागरूकता का संदेश प्रमुखता से उभरा। सम्मानित हुए काउंसलर्स ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर डा. मधुबाला त्यागी, डा. पूनम बंसल, नीलू मेहरोत्रा, सत्यवती सक्सेना, डा. संगीता चौहान, डा. संतोष आनंद सहित कई शिक्षकों, काउंसलर और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नारी सम्मान और सुरक्षा पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन रितु नारंग ने किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, एसपी सिटी, एसपी ग्रामीण के अलावा विभिन्न स्कूलों की छात्राएं, शिक्षक आदि उपस्थित रहे।



पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत महिलाएं। ● अमृत विचार



मिशन शक्ति फेज-5 .0 के तहत आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत छात्राएं। ● अमृत विचार

# छठ पूजा के लिए नगर निगम बनाएगा घाट, किया गया पूजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● सम्राट अशोक नगर स्थित अमृत सरोवर में तैयार होगा घाट

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने पूर्वांचल वासियों की आस्था को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा सम्राट अशोक नगर स्थित अमृत सरोवर में छठ घाट निर्माण की पहल कराई। शनिवार को घाट निर्माण कार्य का आरंभ विधिविधान से भूमि पूजन कर किया गया।

अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने विधि विधान से घाट निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। उन्होंने बताया कि घाट शीघ्र बनकर तैयार हो जाएगा। जिससे छठ महापर्व पर यहां विधिवत पूजा-अर्चना हो सकेगा। उन्होंने बताया कि निगम प्रशासन का उद्देश्य है कि धार्मिक आस्थाओं के अनुरूप नागरिकों को सुविधाजनक, सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इस पहल से छठ पर्व मनाने वाले सभी श्रद्धालुओं को बड़ी राहत और सुविधाएं मिलेगी।



पूजन करते अपर नगर आयुक्त।

**न्यूज ब्रीफ**

### ई-रिक्शा चालक को पीटकर किया घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सतारन के रहने वाले जागन सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसका बेटा जगदीश बिलारी से स्टेशन रोड तक ई रिक्शा चलाता है। 25 सितंबर को दोपहर 3 बजे वह कुछ सवारियां बैठाकर मिल ले जा रहा था। रास्ते में ई रिक्शा मुंशी अमन व उसके पिता दानवीर निवासी ढकिया नरु ने उसके लड़के के साथ सवारी को लेकर गाली-गलौच शुरू कर दी। जब बेटे ने गाली देने से मना किया तो उसके बेटे को पीट डाला जिससे उसके बेटे के शरीर पर खुली व गुम चोटें आई और जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में तहरीर पर अमन और उसके पिता दानवीर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### डीएम-एसपी ने सुनीं शिकायतें

**अमरोहा, अमृत विचार :** थाना अमरोहा देहात में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने लोगों की शिकायतों को सुना। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम और एसपी ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों का निराकरण पुलिस और राजस्व टीम द्वारा मौके पर जाकर, दोनों पक्षों को सुनकर, अभिलेखों के आधार पर निष्पक्ष रूप से किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने थाने में संचालित मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। वहां प्राप्त शिकायतों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र पर महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार कर शिकायतों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान तहसीलदार नौगांवा सादात लकी सिंह, थाना प्रभारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 85 दिव्यांगजनों को वितरण किए उपकरण

**बहजोई, अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में दिव्यांगजनों के लिए उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। जहां पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष व डीएम ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण किये। कार्यक्रम में कुल 85 दिव्यांगजन लाभान्वित हुए, जिनमें 60 को ट्राई साइकिल, 28 को बैसाखी, 10 को व्हीलचेयर, 10 को कान की मशीन, पांच को स्मार्ट केन से जोड़ा गया। छह दिव्यांगजन को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# राम वनवास की लीला का किया मंचन

## धर्मप्रेमियों ने लिया चरित्र निर्माण का संकल्प, मंचन देख दर्शकों ने लगाए जयकारे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा के ग्राम जटपुरा में आदर्श रामलीला में भक्ति का सरोवर उमड़ पड़ा। जब मंच पर वनवास की लीला का अत्यंत मार्मिक और प्रेरणादायी मंचन प्रस्तुत किया गया। आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनगमन दृश्य को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

रामलीला में श्रीराम के वनवास की लीला इतनी हृदयस्पर्शी थी कि दर्शकों की आंखें नम हो गईं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों, आज्ञापालन और त्याग के भाव ने उपस्थित जनसमूह को चरित्र निर्माण की प्रेरणा दी। श्रीराम के साथ सीता माता और लक्ष्मण की वन यात्रा का दृश्य अत्यंत भावुक कर देने वाला था, जिसमें कलाकारों ने अपने अभिनय कौशल से मंच को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम में मथुरा से पधारे कंपनी मालिक राकेश शर्मा और



जटपुरा में रामलीला में वनवास को जाते भगवान श्रीराम। ● अमृत विचार

रामलीला के सभी कलाकारों ने उत्कृष्ट मंचन कर भगवान श्रीराम की मर्यादा और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया। यह मंचन न केवल मनोरंजन का साधन बना, बल्कि धार्मिक, सामाजिक और नैतिक मूल्यों का सार भी बन गया।

इस अवसर पर रामलीला मंचन को देखने के लिए जटपुरा सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी एकत्र हुए। शांति और भक्ति से परिपूर्ण वातावरण में दर्शकों ने लीला का आनंद लिया और अपने जीवन में श्रीराम के चरित्र को अपनाने का संकल्प लिया।

रामलीला आयोजन को सफल बनाने में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के संयोजक खूब सिंह चौहान, अध्यक्ष रामकिशोर सिंह, प्रबंधक रामवीर सिंह, उपाध्यक्ष खिलेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह और सोनू सिंह समेत समिति के सभी सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

इस मौके पर राम सिंह चौहान, ग्रंथ चौहान, गिरवर सिंह, रंजीत प्रजापति, दिलीप सिंह, अशोक प्रजापति, दलवीर सिंह, मुनेश सिंह, सुधीर कुमार, सूरज सिंह, चंद्रपाल, नरोत्तम सिंह, रफत अली, लोकेश कुमार शर्मा, मोनू शर्मा, अजय शर्मा, राजेंद्र सिंह, कैलाश कारीगर, पंकज चौहान, बंटी चौहान, मुकेश सिंह, नरेश चंद्रा, सुभाष चंद्रा, सुरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह रहे। यह आयोजन न केवल रामभक्ति का पर्व बना, बल्कि सामाजिक सौहार्द, नैतिकता और मर्यादा का संदेश लेकर जनमानस को प्रभावित करता रहा। रामलीला के माध्यम से भक्ति की धारा पूरे क्षेत्र में प्रवाहित होती रही।

### सीता सुधि एवं लंका दहन का हुआ मंचन

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के श्री रामलीला मैदान में चल रहे श्रीरामलीला मंचन में शनिवार को सीता सुधि एवं लंका दहन का मंचन किया गया। मंचन के दौरान दर्शकों ने भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय कर दिया। शनिवार के मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र विश्नोई ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा की दशहरा पाव असत्य पर सत्य की विजय को दर्शाता है हमें बुराइयों के प्रति एकजुट होकर उसका सामना करना चाहिए। मंचन में दिखाया गया कि हनुमान जी अशोक वाटिका में जाकर सीता माता को श्रीराम का संदेश देते हैं और रावण की लंका में हनुमान द्वारा आग लगाकर पूरे नगर को जला देने का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया गया। इस मनमोहक मंचन से उपस्थित दर्शक भावविभोर हो गए और उन्होंने जय श्रीराम के गगनभेदी नारे लगाए। इस अवसर पर सहयोगी कमेटी के धर्मपाल सिंह चौहान, हरपाल सिंह चौहान, दानवीर सिंह चौहान, सचिन कुमार, शिशु चौहान, बीनू चौहान, मास्टर पवन चौहान, आकाश प्रभाकर, राधेश्याम भुइयार, विजय कुमार सीटू, निपेन्द्र चौहान, गौरव चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, सास-ससुर गए जेल

संवाददाता, बिलारी

● पुलिस ने आरोपी पति की गिरफ्तारी का कर रही प्रयास

**अमृत विचार :** दहेज के लिए पति, सास-ससुर द्वारा विवाहिता को प्रताड़ित करने के साथ ही उसका रस्सी से गला दबाकर जान से करने का प्रयास किया गया। इसके बाद पीड़िता को अधमरी हालत में उसके मायके वाले अस्पताल ले गए थे। जहां उपचार के दौरान विवाहिता की शनिवार को मौत हो गई। वहीं, पुलिस ने आरोपी सास-ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

संभल जनपद के थाना असमोली के गांव नगला नीडर गांव निवासी छत्रपाल पुत्र बसंत ने बिलारी कोतवाली में 24 सितंबर को दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि उसने अपनी बहन सोनाली की शादी 6 फरवरी को बिलारी कोतवाली क्षेत्र के गांव मल्लहपुर जन्नू निवासी योगेंद्र पुत्र खान सिंह के साथ की थी। आरोप लगाया की शादी के बाद से ही अधिक दहेज की मांग को लेकर उसका पति योगेंद्र, ससुर खान सिंह और सास शीला उसके साथ मारपीट प्रताड़ित करते थे। आरोप लगाया कि 19 सितंबर की सुबह उसके पति योगेंद्र ससुर खान सिंह और सास शीला ने दहेज के लिए उसकी बहन सोनाली को रस्सी से गला घोट कर जान से मारने की कोशिश की, जिसके बाद उन्हें फोन कर सूचना दी की सोनाली की तबीयत खराब है। तत्काल ही वह मौके पर पहुंचे, जब देखा तो सोनाली खाट पर अधमरी पड़ी हुई थी। इसके बाद फौरन उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसका गंभीर हालत में उपचार शुरू हुआ। इस दौरान पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। शनिवार रात सोनाली की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई, इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में दहेज के लिए हत्या करने के संबंध में धाराओं में बढ़ोतरी की है। कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि दहेज हत्या के मामले में आरोपी ससुर खान सिंह और साथ शीला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पति की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है शीघ्र आरोपी पति को भी जेल भेज दिया जाएगा।

## रामगंगा में डूबे युवक का एक किमी दूर मिला शव

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● परिजनों का रोते विलखते बुरा हाल

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सुरजननगर के ग्राम बल्लभगढ़ के पास शुक्रवार को मछली पकड़ने गए दो युवकों में से 42 वर्षीय फिरोज पुत्र निसार का शव जाल लगाने के बाद घटना से 1 किलोमीटर दूर शनिवार की सवेरे मिल गया।

शुक्रवार को फिरोज व उसके दो साथी रामगंगा नदी में मछली पकड़ने गए थे। मछली का कांटा लगने के दौरान दो लोगों का पैर फिसल गया था जिसमें फिरोज नदी में गिर गया और बह गया था। फिरोज के साथी को स्थानीय गोताखोरों ने बचा लिया था। घटनास्थल पर पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन शव नहीं मिला था। शनिवार सवेरे को फिरोज के परिजन पर रिश्तेदार रामगंगा के घाट पर पहुंचे वहां पर मछुआरों द्वारा जाल डालकर तलाश किया तो घटना से 1 किलोमीटर दूर रामगंगा नदी में फिरोज का शव मिला। इस दौरान पीआरडीएफ के जवान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे लेकिन सब मिलने पर वह वापस चले आए।

उत्तराखंड के थाना जसपुर के गांव रायपुर निवासी 23 वर्षीय गुफरान पुत्र इरफान, 45 वर्षीय उस्मान पुत्र अब्दुल रहीम और 42 वर्षीय फिरोज मछली पकड़ने नदी किनारे गए थे। शाम करीब पांच बजे गुफरान और फिरोज दूसरी ओर मछली पकड़ने गए, लेकिन पैर फिसलने से दोनों गहरे पानी में चले गए थे। सूचना पाते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल और चौकी इंचार्ज ओंकार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और खोज अभियान चलाया। परिजन और ग्रामीण भी नदी में युवक की तलाश में जुटे थे।

## छात्राओं को योजनाओं की दी जानकारी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** महिला सुरक्षा टीम ने विभिन्न स्कूल में छात्राओं के साथ गोष्ठी की। जिसमें सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया।

नगर की महिला सुरक्षा टीम ने उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित के साथ विभिन्न स्कूलों में छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मातृ वंदना योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया। छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया। इनमें 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 1930 साइबर हेल्पलाइन नम्बरों को लेकर जागरूक किया।

# छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षिका को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

● श्रेष्ठ शिक्षण कार्य के लिए शिक्षिका पल्लवी का सम्मान किया

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा द्वारा शनिवार को "गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन" कार्यक्रम नगर के यश पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ शिक्षण कार्य करने के लिए शिक्षिका पल्लवी को सम्मानित किया गया।

बार एसोसिएशन के महासचिव दीपक बिश्नोई ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता है, उनके बताए मार्ग पर चलने से ही विद्यार्थियों का उज्जवल भविष्य होगा। डॉ. अशोक चौहान ने कहा कि भारत विकास परिषद सामाजिक कार्य करने के लिए पूरे देश में जानी जाती है। उन्होंने संस्था के विभिन्न कार्यों का विस्तार से वर्णन किया। कॉलेज की विभिन्न कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर यशवर्धन राजपूत, रानी देवांशी राणा, आकांक्षा पूर्वी, मनस्वी, प्रिया एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका कुमारी, पल्लवी को परिषद के लोगों ने प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सचिन चौहान उर्फ बंटी, सुरेश चौहान, डॉ. अशोक चौहान, प्रद्युम्न बिश्नोई, दीपक चौहान, महेश चौहान आदि उपस्थित रहे। आगंतुकों का आभार विद्यालय के प्रबंधक ने व्यक्त किया।

## तिकोनिया बस स्टैंड पर शौचालय बनवाने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तिकोनिया बस स्टैंड पर शौचालय की सुविधा न होने के कारण यात्रियों, विशेषकर महिलाओं को परेशानी हो रही है। इसी समस्या को लेकर पंकज सिंह ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

पंकज सिंह ने शिकायत में कहा कि नगर पालिका के अंतर्गत आने वाला टिकोनिया क्षेत्र यातायात का प्रमुख केंद्र है। यहां से राज्य के लिए बसें संचालित होती हैं और प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। बावजूद इसके, यहां शौचालय व्यवस्था न होने से यात्रियों को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। महिलाओं को शौचालय की अनुपलब्धता के कारण गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि बस स्टैंड परिसर में शीघ्र सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जाए ताकि राहत मिल सके।

## धनुष तोड़ते ही लगे जय श्रीराम के जयकारे

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के ऐतिहासिक मंदिर पौड़ा खेड़ा में सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रही रामलीला में कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम और माता सीता के स्वयंवर का मनमोहक मंचन किया।

रामलीला मंचन में कलाकारों द्वारा दिखाया जाता है कि जनकपुरी में माता सीता के स्वयंवर में कई राजा पहुंचते हैं, जिसमें स्वयं भगवान श्रीराम और लक्ष्मण भी पहुंचते हैं। जहां भगवान शिव के धनुष को कोई भी तोड़ नहीं पता है, जिसके बाद भगवान श्री राम धनुष एक ही बार में तोड़ देते हैं। यह देख दर्शक जय श्री राम के जयकारे लगाने लगते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से पंकज चौहान, मोहित अग्रवाल, अनुज उपाध्याय, अमित पाल, मोनू शर्मा, कपिल पाराशरी, दुष्यंत चौहान, अमित मौर्य, सचिन चौहान, रोहित पाराशरी, अजय पाल का सहयोग रहा।

# छात्र-छात्राओं ने किया रामलीला का मंचन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** शनिवार को कांठ के सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दशहरा ( विजय दशमी) के उपलक्ष्य में रामलीला मंचन का भव्य, सुंदर और अद्भुत आयोजन किया गया।

इस दौरान छात्रों ने रामायण की कहानी को मंच पर जीवंत बनाया और दर्शकों को एक यादगार अनुभव प्रदान किया। रामलीला मंचन में छात्रों ने विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाई जैसे राम, सीता, लक्ष्मण, रावण और हनुमान। इसमें धनुष यज्ञ, राम-सीता स्वयंवर, सीता हरण, सुपर्णखा नाक कटन, लक्ष्मण मूर्छा, राम-रावण युद्ध, भरत मिलाप आदि मंचन कर छात्रों ने अपनी अभिनय क्षमता से जीवंत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर उप प्रधानाचार्य विवेक चौहान ने विजय दशमी पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा



रामलीला के मंचन के दौरान छात्र छात्रा व प्रबंधक। ● अमृत विचार

कि दशहरा पर्व (विजय दशमी) महत्वपूर्ण त्योहार है, जो असत्य पर सत्य की जीत और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व भगवान राम की रावण पर विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो भगवान राम की वीरता और धर्म की जीत को दर्शाता है। दशहरा हमें यह सिखाता है कि सच्चाई और न्याय की हमेशा जीत होती है, और बुराई को हराने के लिए हमें एकजुट होना चाहिए।

दशहरा एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो हमें बुराई पर अच्छाई की जीत के महत्व के बारे में सिखाता है। यह पर्व हमें अपने अंदर की बुराइयों को दूर करने और अच्छाई को अपनाने के लिए प्रेरित करता है, और हमें एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करता है।

इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन जितेंद्र विश्नोई, मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन में समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन

**कुंदरकी, अमृत विचार :** फरहेदी मंडल में ग्राम रामपुर मेगन में विजयदशमी के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में प्रांत के प्रौढ़ कार्य प्रमुख ओमप्रकाश शास्त्री के नेतृत्व में पथ संचलन किया गया।

पथ संचलन गांव के विभिन्न संपर्क मार्गों से होते हुए शिव मंदिर पर संपन्न हुआ, जिसमें नगर के सामाजिक बंधु एवं माता बहनों ने भाग लिया तथा स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा की। जिसमें ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह, जिला सह संपर्क प्रमुख आकाश शर्मा, खंड कार्यवाह रामपाल सिंह, खंड सह कार्यवाह अजय, हरपाल, खंड विद्यार्थी प्रमुख रोहित, खंड व्यवस्था प्रमुख पंकज, खंड प्रचार प्रमुख योगेंद्र, अभय कश्यप, खंड सेवा प्रमुख आकाश आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मचारियों को बांटी राशन किट

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** वैश्य बिश्नोई मंदिर में शनि देव को प्रसन्न करने के लिए नगर पंचायत के 42 सफाई कर्मचारियों को राशन की किट देकर सम्मानित किया।

क्षेत्र के ग्राम बेगमपुर निवासी निपेंद्र कसाना समाजसेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। शनि देव के एक मंदिर का ग्राम नयागांव में उनके द्वारा कराया जा रहा निर्माण कार्य प्रगति पर है। शनि देव की प्रसन्नता के लिए उन्होंने वैश्य बिश्नोई मंदिर में नगर पंचायत के लगभग 42 कर्मचारियों को राशन के किट वितरित किए। राशन किट में 10 किग्रा चावल, एक किग्रा तेल, एक किग्रा सरसों का तेल ,नमक आदि खाद्य सामग्री भेंट की गई। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में सफाईकर्मी हृदय से नगर को स्वच्छ रखने में भूमिका निभाते हैं। जगह-जगह संचारी रोग फैल रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से नगर में क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए अपील



फोटो 2 सफाई कर्मियों को राशन किट बांटते समाजसेवी। ● अमृत विचार

की है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में नगर पंचायत सफाई कर्मचारियों द्वारा किए कार्य प्रसंसनीय रहे हैं। इस मौके पर भाजपा के जिला मंत्री राजन बिश्नोई, पूर्व सांसद अभय बिश्नोई, वैश्य बिश्नोई कांठ के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार विश्नोई, गौरव बिश्नोई, मोहन बिश्नोई, अमित पहलवान, सदानंद बिश्नोई, मुरली मोहन बिश्नोई, देवेंद्र कश्यप, प्रमोद बिश्नोई मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण संपन्न

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र पर ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मशरूम उत्पादन तकनीक पर छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया था। प्रशिक्षण में युवाओं को बटन, ढींगरी, वॉलवैरिल्ला एवं मिल्की मशरूम की वैज्ञानिक तरीके से खेती के बारे में जानकारी दी गई।

# गन्ना सट्टा मेले में 150 शिकायतें निस्तारित



किसानों की समस्याएं सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** 10 दिवसीय समिति स्तरीय सट्टा मेले में कुल 594 शिकायतों में से 150 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों 30 सितंबर तक निस्तारण करने के लिए ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक ने गुणवत्ता पूर्वक शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

समिति स्तरीय गन्ना सट्टा प्रदर्शन के 10वें एवं अन्तिम दिन कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें से 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया। 10 दिवसीय सट्टा प्रदर्शन मेला में कुल 594 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 150 का निस्तारण हुआ शेष शिकायतों का निस्तारण 30 सितम्बर तक कर दिया जाएगा। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अगवानपुर (मुरादाबाद) सिराज मलिक द्वारा सभी गन्ना पर्यवेक्षकों को शीघ्र शिकायतों के निस्तारण का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ है। हमें प्राथमिकता के आधार पर उनके कार्यों को करने में किसी तरह की कोताही नहीं बरतनी चाहिए। सट्टा प्रदर्शन मेला के अन्तिम दिन चीनी मिल अगवानपुर, स्योहारा मिल से हिमांशु चौधरी तथा चीनी मिल रानी नांगल से राजू और सभी राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक, चीनी मिल फील्ड स्टाफ तथा डायरेक्टर गौरव कुमार उपस्थित रहे।

## दहेज उत्पीड़न व दूसरी शादी करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर छेड़छाड़, मारपीट और दूसरी शादी करने के मामले में थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम सलावा निवासी एक युवती की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व तारीख पुत्र उस्मान ग्राम चौराहा रसूलपुर के साथ डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद उसका जेठ आरिफ, सास नजरुन, ससुर उस्मान एवं नंदोई रिफाकत, अफसाना, नजाकत निवासी क्षेत्र थाना गजरौला जिला अमरोहा, अजीम, सबीना, आदि ने 50000 रुपए और बाइक की मांग की थी। मांग पूरी न होने पर विवाहिता के जेठ ने 4 महीने पहले बुरी नीयत से पकड़ा और कमरे में खींचकर ले गया था। इसके बाद सभी ने मिलकर विवाहिता के पति तारीख की दूसरी शादी कर दी। पुलिस ने सभी आरोपियों पर अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

# विधायक ने लगाए जीएसटी बचत के स्टीकर

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कुंदरकी नगर में दुकानदारों और ग्राहकों से बात की। जीएसटी सुधारों पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने कारोबारियों से आग्रह किया मोदी सरकार से उपहार स्वरूप घटी जीएसटी का लाभ ग्राहकों को अवश्य दें।

कुंदरकी विधायक ने नई जीएसटी दर के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कई दुकानों पर पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने "घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार" के नारे लगाए। विधायक ने बाजार में खरीदारी करने आए ग्राहकों और आमजनों से भेंट की। दुकानों में जीएसटी बचत उत्सव के स्टीकर्स चिपकाए। विधायक ने दुकानदारों से कहा कि घटी जीएसटी की दर मोदी सरकार से मिला गिफ्ट है। इसलिए ग्राहकों को इसका लाभ जरूर दें। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए दुकानों पर 'गर्व से कहो यह स्वदेशी है' का स्टिकर जरूर लगाने को कहा, विधायक ने आगे कहा कि जीएसटी में अब तक का सबसे बड़ा सुधार कर किया गया है। इसकी दर को घटाकर 5 फीसदी और 0 पर लाया गया है। अन्नदाता किसानों के लिए जीएसटी की दर को 5 प्रतिशत तक लाया गया है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, अरविंद ठाकुर, संजय दिवाकर, गजेन्द्र चौधरी, नवनीत धारीवाल, रोहित सिंह, हरपाल सैनी, सोनू रस्तौगी आदि उपस्थित रहे।

### डेरियों पर खाद्य विभाग का छापा, नमूने लैब भेजे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला छीपीयान में खाद्य विभाग की टीम ने दूध की डेरियों पर छापेमारी कर नमूने भरे। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही डेरी संचालकों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार शटर गिराकर मौके से फरार हो गए। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य डेरी संचालक भी सतर्क हो गए। जिला मुख्यालय से आई टीम का नेतृत्व डॉ. राजीव और खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र ने मोहल्ला छीपीयान स्थित मुस्कान डेरी संचालक कासिम और दानिश की डेरी पर छापेमारी की। टीम ने मौके पर रखे दूध के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र ने बताया कि नगर निवासी एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत की थी कि कुछ डेरियों पर घटिया और मिलावटी दूध बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूध के नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद अगर दूध की गुणवत्ता में गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित डेरी संचालकों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों ने खाद्य विभाग की इस कार्रवाई को सराहा और कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहनी चाहिए।

## आंबेडकर पार्क विवाद को लेकर शरीफनगर में आक्रोश

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत शरीफनगर में आंबेडकर पार्क की दीवार जेसीबी से गिराने को लेकर दलित समाज में आक्रोश फैल गया है। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के जिला सचिव हर स्वरूप सिंह व दयाराम साहनी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने थाना दिवस के मौके पर नायब तहसीलदार ठाकुरद्वारा को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शिकायत के अनुसार, वर्ष 2003 में प्रशासन ने आंबेडकर पार्क के लिए भूमि आवंटित की थी, जिस पर दीवार का निर्माण हो चुका था। लेकिन 25 सितंबर को हल्का लेखपाल व सचिव बिना सूचना के जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और दीवार को गिरवा दिया। विरोध करने पर दलित महिलाओं के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और उन्हें जेल भेजने की धमकी दी थी।



# शक्ति, कौशल और संभावनाओं का उत्तर प्रदेश



प्रत्यक्ष विदेशी निवेश
2000 से 2017 तक ₹3,303 करोड़

वर्ष 2024 में ₹2,200 करोड़
के आर्डर प्राप्त हुए

वर्ष 2024 में देश-विदेश के
500 से अधिक
ट्रेडर्स ने प्रतिभाग किया

## 25 से 29 सितंबर 2025

## UP INTERNATIONAL TRADE SHOW

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश
2017 से अब तक ₹16,316 करोड़

एफडीआई फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों के निवेश को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन नीति-2023 घोषित

प्रत्येक जिले में निर्यात प्रोत्साहन समिति का गठन

## 2025 ट्रेड शो की खासियत

प्रदेश के निर्यात को बढ़ावा देने हेतु निर्यात प्रोत्साहन नीति 2020-25 प्रख्यापित

96 लाख से अधिक सूक्ष्म, लघु, मध्यम श्रेणी के उद्योगों के साथ देश में प्रथम

एमएसएमई क्षेत्र के समग्र विकास हेतु एमएसएमई नीति-2022 प्रख्यापित

करीब 80 देशों से 500 से अधिक बायर्स के आने की उम्मीद

विभिन्न स्टॉल्स के लिए कुल 37,085 स्क्वायर मीटर क्षेत्र निर्धारित

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में ओडीओपी की विशेष प्रदर्शनी स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को निर्यात और रोजगार के नए अवसर

दुनिया के 9 प्रमुख रीजंस से इंटरनेशनल बायर्स का आगमन, यूरोप और सीआईएस रीजंस से कुल 110 बायर्स के आने की संभावना

शो में इन्वेस्ट यूपी, यूपीसीडा, ग्रेनो, यीडा और नोएडा जैसे औद्योगिक विकास से जुड़े विभाग होंगे प्रमुख आकर्षण

नगर विकास, पर्यटन एवं संस्कृति और स्वच्छ गंगा मिशन, कृषि विभाग, डेयरी डेवलपमेंट, एनिमल हस्बेंड्री, फिशरीज और यूपीएसआरएलएम अपने-अपने सेक्टर की उपलब्धियों को सामने रखेंगे

इस बार शुगर एंड केन, टेक्सटाइल्स एंड हैंडलूम्स, क्रेडाई, बैंकिंग एंड फाइनेंस, ट्रांसपोर्ट (ऑटो व ईवी), यूपीएसडीएम और हायर एजुकेशन से जुड़े स्टॉल भी शोभा बढ़ाएंगे

## प्रमुख आकर्षण

रूस, सहयोगी देश के रूप में शामिल

नेटवर्किंग का सुनहरा मौका
B2B, B2G, निवेशकों से संवाद

वैश्विक पहचान
अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से जुड़ने का अवसर

नॉलेज सेशन के जरिए साझा होगा ज्ञान
मास्टरक्लास, डेमो, इंडस्ट्री सत्र

उत्तर प्रदेश के नवाचार, उद्यम और विरासत का प्रदर्शन

सरकारी नीतियों और प्रोत्साहन का सहयोग

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें
www.upinternationaltradeshow.com





## 2023 अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो की उपलब्धियाँ

2023 में 1914 एग्जिबिटर्स, 2.25 लाख से अधिक बी2सी विजिटर्स, 70 हजार बी2बी विजिटर्स समेत एक लाख से ज्यादा बिजनेस लीड्स

यह पहला अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो था, जिसका आयोजन ग्रेटर नोएडा में हुआ

66 से अधिक देशों के खरीदार और प्रतिनिधि इसमें हुए शामिल

हस्तशिल्प, हैंडलूम, MSME और कृषि उत्पादों की बड़ी प्रदर्शनी लगी

5 दिनों में 3 लाख से ज्यादा विजिटर्स ने ट्रेड शो का दौरा किया

## 2024 अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो की उपलब्धियाँ

2024 में 2,122 एग्जिबिटर्स के साथ 4 लाख से ज्यादा बी2सी और एक लाख से ज्यादा बी2बी विजिटर्स और 2 लाख से अधिक बिजनेस लीड

70+ देशों के खरीदार इसमें शामिल हुए

दूसरे संस्करण के तौर पर यह पहले से भी अधिक भव्य और बड़ा आयोजन था

विदेशी प्रतिनिधियों की संख्या 2023 की तुलना में काफी बढ़ी

कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी, टेक्सटाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर की भागीदारी बढ़ी

शो में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पवेलियन खास आकर्षण रहा

उत्तर प्रदेश को निर्यात हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ

ADVERTORIAL

## न्यूज ब्रीफ

### दुकान से 20 हजार व सामान ले गए चोर

**चंदौसी, अमृत विचार :** चंदौसी थाना क्षेत्र के अल्हैदादपुर चंपू गांव में शुक्रवार रात चोरों ने परचून की दुकान को निशाना बनाया। नगर के वारिशनगर निवासी शिवम कुमार पुत्र महेंद्र कुमार की गांव में परचून की दुकान है। शुक्रवार शाम वह सात बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। शनिवार सुबह करीब नौ बजे जब उसने दुकान खोली तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और गल्ला खुला हुआ मिला। जांच करने पर गल्ले से 20 हजार रुपये नकद और सामान गायब पाया गया। शिवम कुमार ने बताया कि चोर दुकान के ऊपर की तरफ बने जीने का किवाड़ खोलकर अंदर घुसे थे। उन्होंने साइड की दीवार भी काटी थी। चोर गांव के अशोक कुमार की निर्माणाधीन दुकान से होकर छत पर चढ़े और जीने के रास्ते से दुकान में दाखिल हुए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की।

### 500 रुपये लेकर भी नहीं हुआ सीटी स्कैन

**संभल, अमृत विचार :** जिला संयुक्त चिकित्सालय में सीटी स्कैन के नाम पर वसूली का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। चंदौसी निवासी पूनम और उनकी सास शारदा देवी से अस्पताल के कर्मचारी ने उनसे सीटी स्कैन कराने के लिए 500 रुपये लिये। लेकिन तीन दिन चक्कर लगाने के बावजूद सीटी स्कैन नहीं हो सका। पूनम का कहना है कि वह अपनी सास शारदा देवी के साथ सीटी स्कैन कराने के लिए जिला अस्पताल संभल पहुंची थीं। यहां कुलदीप नामक कर्मचारी ने 500 रुपये लेकर टेस्ट कराने का भरोसा दिया और पर्चे पर सीटी स्कैन भी लिखवा दिया। लेकिन जब भी वह अस्पताल आतीं, उन्हें अगले दिन आने के लिए कह दिया जाता था।

### छात्रा ज्योति बनी एक दिन की प्रधानाध्यापक

**बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कक्षा 7 की छात्रा ज्योति को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापक बनाया गया। ज्योति ने विद्यालय की समस्त जिम्मेदारियां संभालीं और प्रशासनिक कार्यों का संचालन किया। ज्योति ने कहा कि प्रधानाचार्य का पद केवल पदवी नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी है। हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना, अनुशासन बनाए रखना और विद्यालय की प्रगति सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है।

# शिक्षा मंत्री के घर धरना जारी

## ऑफलाइन स्थानांतरण सूची की मांग को लेकर धरना दे रहे कई जिलों के शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी



चंदौसी में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के घर धरना देते शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। तमाम प्रयास के बाद भी शिक्षक मंत्री गुलाब देवी के घर से हटने को तैयार नहीं हैं। शिक्षकों की मांग है कि शासनादेश के अनुसार ऑफलाइन स्थानांतरण सूची शीघ्र जारी की जाए।

कोतवाली चंदौसी क्षेत्र के सुभाष रोड स्थित शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के आवास पर 75 जनपदों से पहुंचे लगभग 400 शिक्षक एकत्र हुए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और शिक्षकों की मांगों का समर्थन किया। शिक्षकों ने बताया कि 7 जून को शासनादेश जारी हुआ था, जिसमें शिक्षा मंत्री की स्वीकृति के बाद ऑफलाइन स्थानांतरण सूची जारी करने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक सूची नहीं आई। शिक्षक लगातार आश्वासन पर ही टाले जा रहे हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सुनीत गिरी ने कहा कि करीब 400 शिक्षक यहां निवेदन करने के लिए मौजूद हैं। सभी ऑफलाइन स्थानांतरण से प्रभावित हैं और चाहते हैं कि जल्द से जल्द सूची जारी की जाए। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई को भी लखनऊ में शिक्षक संघ के बैनर तले धरना हुआ था, जहां निदेशक ने 30 जुलाई तक सूची जारी करने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन वह पूरा नहीं हुआ। धरना स्थल पर पहुंचे शिक्षक संघ के नेताओं ने कहा कि मंत्री स्वयं शिक्षिका रही हैं, इसलिए वे शिक्षकों की पीड़ा को अवश्य समझेंगी। हालांकि शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों से फोन पर वार्ता में कुछ को तीन दिन और कुछ को एक सप्ताह का समय देने की बात कही है, जिससे विरोधाभास की स्थिति बनी हुई है। प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी और ध्रुव कुमार त्रिपाठी मुख्यमंत्री से मिलकर इस मुद्दे पर समाधान की कोशिश कर रहे हैं। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मांग पूरी नहीं हुई, तो उनका यह धरना आंदोलन में बदल जाएगा। जौनपुर से आए दिव्यांग शिक्षक गुलशन कुमार यादव ने कहा कि हमारी केवल एक मांग है कि ऑफलाइन स्थानांतरण सूची जारी की जाए। जब तक सूची जारी नहीं होगी, तब तक हम यहां से नहीं हटेंगे।

## ट्रक की टक्कर से बुलेट सवार युवक की मौत

**बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में नेहरू चौक के समीप शुक्रवार देर रात पीछे से आ रहे ट्रक ने बुलेट में टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक के पहिये से कुचलकर बुलेट चला रहे युवक की दर्दनाक मौत हो गई, पीछे बैठा युवक घायल हो गया।

अलीगढ़ के थाना क्वार्सी क्षेत्र के ज्योति नगर चंदनिया निवासी आकाश यादव (23 वर्ष) पुत्र राम बहादुर अपने साथी सुमित सैनी पुत्र रमेश चंद के साथ बुलेट से जुनावई थाना क्षेत्र के गांव लहरा नगला श्याम जा रहा था। शुक्रवार देर रात करीब साढ़े दस बजे नेहरू चौक के पास पीछे से आ रहे ट्रक यूपी75एटी4977 ने बुलेट में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान ट्रक का पिछला पहिया आकाश यादव के ऊपर से गुजर गया। ट्रक के पहिये से कुचलकर आकाश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पीछे बैठा सुमित सैनी घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने ट्रक भी कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। घायल युवक का इलाज कराया जा रहा है।

## भाजपा नेता के बेटे का कमरे में फंदे पर लटका मिला शव

● पत्नी तथा ससुराल वालों पर सुसाइड नोट में लगाए आरोप

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** लखनऊ से घर लौटे भाजपा नेता के बेटे का शव फंदे से लटका मिला। भाजपा नेता के बेटे की मौत के पीछे पत्नी के साथ चल रहा विवाद बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भाजपा नेता के बेटे का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भाजपा नेता ने पत्नी तथा ससुरालियों के खिलाफ थाना में तहरीर दी है। बेटे ने सुसाइड नोट में पत्नी तथा ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

बहजोई के मुराव टोला नगर पालिका कार्यालय के सामने रहने वाले भाजपा के व्यापार सभा के जिला सहसंयोजक अनिल कुमार के 34 वर्षीय बेटे अंशुल वार्ष्णेय का पत्नी से लंबे समय से विवाद चल रहा था। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। लखनऊ में निजी बैंक में कार्यरत अंशुल शनिवार की सुबह अपने घर पहुंचा था। पिता अनिल से बेटे की वार्ता हुई तो कुछ देर बाद पिता मंदिर चले गए। कुछ घंटे बाद वह जब घर लौटे तो बेटे के कमरे का दरवाजा खुलवाने पहुंचे लेकिन गेट अंदर से बंद था। किसी तरह दरवाजा खोला गया तो बेटा अंशुल अंदर पंखे पर फंदे से लटक रहा था और उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर बहजोई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई की। अंशुल ने अपनी जेब में सुसाइड नोट छोड़ा है। जिस में अंग्रेजी में उसने पत्नी तथा ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पिता का कहना है कि पत्नी से चल रहे कलेश ने अंशुल को यह कदम उठाने पर विवश कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच की जा रही है। पिता अनिल ने पत्नी तथा ससुराल बालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाना में तहरीर दी है। जबकि ससुराल पक्ष के लोग अपने घर पर ताला डालकर फरार हो गए हैं।

## तौसीफ रजा मिस्बाही ने थामा एआईएमआईएम का दामन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल के धार्मिक गुरु मौलाना तौसीफ रजा मिस्बाही ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी का दामन थाम लिया है। उन्होंने बिहार के किशनगंज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया और उन्हें बिहार का प्रचारक नियुक्त किया।

मौलाना तौसीफ रजा मिस्बाही संभल के धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में प्रमुखता से सक्रिय रहते हैं। मौलाना तौसीफ राजा मिस्बाही ने जिलाध्यक्ष असद अब्दुल्ला, हाजी सारिम और मेहमान तुर्की सहित कई अन्य पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में एआईएमआईएम का दामन थामा।

### झोलाछाप के इंजेक्शन से आंखों गईं रोशनी

**बहजोई, अमृत विचार :** झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने के बाद मरीज की हालत बिगड़ गई। इससे मरीज की दोनों आंखों की रोशनी चली गई। मरीज के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बहजोई नगर के टंकी मोहल्ला निवासी इरशाद ने एसपी व सीएमओ को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि उनका बेटा रिहान 25 सितंबर को बुखार से पीड़ित था। इलाज के लिए वह मोहल्ले में अवैध रूप से क्लीनिक चला रहे डॉ. आरिफ के पास गया। जहां दवा के साथ इंजेक्शन भी लगाया गया। जिसके कुछ देर बाद ही बेटे की तबीयत बिगड़ गई और 30 मिनट के भीतर आंखों की रोशनी चली गई।

## खाली प्लाट में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**बहजोई, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर प्लाट में शव पड़ा मिला।

शनिवार को मुरादाबाद-आगरा हाईवे स्थित ईदगाह के निकट एक खाली प्लाट में अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। शव से बदबू आ रही थी। शव को देखकर आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। मौके पर दर्जनों नागरिकों की भीड़ एकत्रित हो गई। नागरिकों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर सीओ बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार सिंह व कोतवाल हरीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। आसपास के लोगों से शव की पहचान करने की कोशिश की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। हालांकि आसपास के लोगों ने बताया कि यह मंदबुद्धि व्यक्ति था। आसपास ही घूमता रहता था। कभी स्टेशन पर भी देखा जाता था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# राम-केवट संवाद देख दर्शक मंत्रमुग्ध

संवाददाता, बबराला



बबराला में श्री राम केवट संवाद की लीला का मंचन करते कलाकार।

**अमृत विचार :** रामलीला महोत्सव के सातवें दिन श्रीराम केवट संवाद सहित रामायण के कई प्रसंगों का मंचन हुआ। जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

व्यास पंडित जवाहर शास्त्री द्वारा आरती पूजन संपन्न कराने के बाद रामलीला का आरंभ श्रवण कुमार प्रसंग से हुआ। जिसमें दिखाया गया कि शिकार खेलते समय राजा दशरथ ने शब्दभेदी बाण से गलती से श्रवण कुमार का वध कर दिया। मृत्यु पूर्व श्रवण कुमार ने अपने अंधे माता-पिता की व्यथा सुनाई, जिसके बाद व्याकुल पिता ने राजा दशरथ को पुत्र वियोग का श्राप दिया। इसके बाद मंच पर श्रीराम केवट संवाद का मंचन किया गया। सरयू पार कराने से पहले केवट ने भगवान श्रीराम के चरण धोने की शर्त रखी और चरणामृत पाकर स्वयं को धन्य मानते हुए पापों से मुक्ति की कामना की। यह प्रसंग छुआछूत और भक्ति के अद्भुत संदेश से भरा रहा। फिर राजा दशरथ मरण प्रसंग का मंचन हुआ। भरत ने राम से अयोध्या लौटने का आग्रह किया, किंतु मर्यादा राम ने पिता की आज्ञा का पालन करने का संकल्प दोहराते हुए लौटने से इनकार कर दिया। इस अवसर पर चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि रामलीला न केवल धर्म, भक्ति और मर्यादा का संदेश देती है बल्कि छुआछूत जैसी कुरीतियों के खिलाफ समाज को जागरूक भी करती है।

### ब्राह्मण महिला सभा ने की भजन संध्या

**चंदौसी (संभल), अमृत विचार :** ब्राह्मण महिला सभा चंदौसी के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र पर्व पर भजन संध्या का आयोजन किया। यह कार्यक्रम सभा की नगर अध्यक्ष उर्मिला शर्मा के मयूर विहार स्थित निवास स्थान पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन देवी मां की ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया। महामंत्री रंजना शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म में नवरात्र का विशेष महत्व है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्मिला शर्मा ने की, जबकि संचालन सभा सचिव रानी शर्मा ने किया। इस अवसर पर मीरा दुबे, शुभ्रा शर्मा, विमलेश शर्मा, इंद्रेश शर्मा, शालिनी शर्मा, स्वर्णलता दीक्षित, सुधा शर्मा, शिप्रा शर्मा, साधना पाठक, आशा गोस्वामी, सपना शर्मा, रेखा शर्मा, सीमा शर्मा, आभा शर्मा, नीरा भारद्वाज, मधु मिश्रा सहित बड़ी संख्या में सभा की महिलाएं रहीं।

## चप्पल से सांप मारना पड़ा भारी, ग्रामीण को डसा

**संभल, अमृत विचार :** जनपद संभल के थाना असमोली क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर नियावली में शुक्रवार की रात ग्रामीण पर सांप ने हमला कर दिया।

मोहम्मद अतीक (40 वर्षीय) पुत्र हाजी रईस शुक्रवार रात 10 बजे घर पर खाना खा रहे थे। इसी दौरान तीन फीट लंबा काला रेड स्नेक प्रजाति का सांप घर में घुस आया। अतीक ने साहस दिखाते हुए चप्पल से सांप को मारना शुरू किया। पलटवार करते हुए सांप ने अतीक के हाथ पर लगातार तीन बार डस लिया। घटना के बाद परिजनों ने घर में घुसे सांप को मार दिया। परिजनों ने घबराए बिना घायल अतीक को सीएचसी असमोली पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने समय पर एंटी स्नेक ट्रीटमेंट देकर उनकी जान बचा ली।

## श्रीकृष्णा बाल क्लिनिक अस्पताल किया सील

**हसनपुर, अमृत विचार :** पूठ रोड पर स्थित अस्पताल की ओटी सील होने के बाद भी प्रसव कराया जा रहा था। जबकि स्वास्थ्य विभाग ने ओटी को दो दिन पहले सील किया था।

बताया गया कि शिशु को पास के क्लिनिक की मशीन में रखा गया। सूचना पर नोडल अधिकारी डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह ने टीम के साथ श्रीकृष्णा बाल क्लिनिक पर छापा मारा। टीम के पहुंचने पर क्लिनिक संचालक मौके से फरार हो गया। जबकि उसका सहायक वहां मौजूद मिला। टीम ने क्लिनिक के अन्दर कमरे में जांच की। जहां मशीन में चार नवजात शिशु थे। इनमें से शिशु के परिजन मौके पर मौजूद थे। जबकि तीन अन्य शिशुओं के परिवार का कोई सदस्य वहां नहीं था। बाद में, शिशुओं के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। स्वास्थ्य विभाग ने शिशुओं को अन्य सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए, जिसके बाद शिशुओं को उनके परिवार के लोग ले गए।

# डीएम-एसपी ने किया पैदल मार्च

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



पैदल मार्च करते डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित कुमार आनंद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद जिलाधिकारी निधि गुप्ता व पुलिस अधीक्षक अमित आनंद ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर में पैदल भ्रमण कर कानून व शांति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आमजन से बातचीत कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही पुलिसकर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

रामनवमी, दुर्गा पूजा, दशहरा और दीपावली के मद्देनजर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने शहर का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कानून एवं शांति व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने शाह विलायत, जामा मस्जिद रोड, जामा मस्जिद, मोहल्ला नल, टीपी नगर चौराहा, मोहल्ला दानिश मंदान, पुलिस चौकी कोट, पुरानी तहसील, कोट चौराहा, नगर पालिका कार्यालय और आर्य समाज मंदिर चौराहे सहित कई संवेदनशील और प्रमुख स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों से संवाद कर आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना पुलिस-प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। नागरिकों से पर्वों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने का आग्रह किया। दोनों अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए, गश्त बढ़ाई जाए और किसी भी अफवाह या अप्रिय घटना पर कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि शहर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात है और शांति व्यवस्था कायम है। रूट मार्च के दौरान एसडीएम सदर शैलेश कुमार दुबे, सीओ शक्ति सिंह समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

## पूर्व विधायक हरपाल सिंह पर हुए हमले की निंदा

**हसनपुर, अमृत विचार :** शनिवार को हसनपुर नगर के आंबेडकर पार्क पर अनुसूचित जाति समाज के व्यक्तियों की बैठक हुई। जिसमें लोगों ने पूर्व विधायक हरपाल सिंह पर हुए हमले की निंदा की और कहा कि उक्त मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो अनुसूचित जाति महासभा 29 सितंबर को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपेगी। वरिष्ठ शिक्षक रामवीर सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक व चेयरपर्सन गजरौला हरपाल सिंह पर जो हमला हुआ है वह बहुत ही निंदनीय है। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक जयवीर सिंह ने की एवं संचालन वरिष्ठ शिक्षक जगवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक विनोद कुमार गौतम,करणवीर सिंह, ब्रहमज्ञान,रोहताश उर्फ डब्लू भैय्या, मुकेश जाटव,जगवीर मौर्य, रूपराम सिंह, दिनेश सिंह, थान सिंह, सुरेश चंद्र,अशोक कुमार, चमनलाल रहे।

## न्यूज डायरी



### रामलीला के मंच पर कराई शादी

**आदमपुर/ढवारसी, अमृत विचार :** रामलीला मंचन के अंतर्गत कन्यादान की लीला का मंचन किया गया। मंच पर वास्तविक कन्यादान का आयोजन कर गांव के लोगों ने परंपरा और सामाजिक जिम्मेदारी का नजारा देखा। गांव के साधारण परिवार की बेटी का विवाह रामलीला मंच पर बड़े ही धार्मिक और मर्यादित ढंग से संपन्न हुआ। मंच पर राम-सीता की झांकी सजाई गई थी और वर व वधू दोनों ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। इसके बाद दोनों पक्षों के माता-पिता ने आशीर्वाद दिया। यह दृश्य देखते ही पूरा रामलीला मैदान भावुकता और खुशी से गूंज उठा। हजारों की संख्या में मौजूद दर्शक इस अद्भुत कन्यादान के साक्षी बने। शादी की सभी रस्में पूरी मर्यादा और धार्मिक विधि-विधान से सम्पन्न की गईं। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अंकुर त्यागी और प्रबंधक राजेश शर्मा मंच पर पहुंचे और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अंकुर त्यागी ने जिम्मेदारी अपने हाथों में ली थी।

### पत्नी को भरण-पोषण धनराशि नहीं देने के आरोपी को जेल

**हसनपुर, अमृत विचार :** अदालत के आदेश पर पत्नी को भरण-पोषण धनराशि न देने के आरोपी पति को अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में बिजनौर जेल भेज दिया। राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से उसे गिरफ्तार किया। मोहल्ला होलीवाला निवासी प्रवेंद्र सिंह का पत्नी नीलम से पारिवारिक विवाद चल रहा था। जो अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मुरादाबाद में विचाराधीन है। न्यायालय ने प्रवेंद्र सिंह को प्रति माह 6000 रुपये भरण-पोषण के रूप में नीलम को अदा करने का हुक्म दिया था। लेकिन प्रवेंद्र ने अदालत के आदेश के मुताबिक उक्त धनराशि अदा नहीं की। अब यह धनराशि 3,09,000 रुपया हो चुकी है। अदालत ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया था कि प्रवेंद्र से उक्त धनराशि की वसूली की जाए। धनराशि जमा करने के लिए उसे 5 अगस्त तक का समय दिया था। इसके बाद भी प्रवेंद्र द्वारा धनराशि जमा नहीं की तो अदालत ने उसके खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया। एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को आरोपी प्रवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में बिजनौर जेल भेज दिया गया है।

### 7 शिकायतें दर्ज, 4 का निस्तारण

**हसनपुर, अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस में अधिकारियों द्वारा फरियाद सुनी गई। थाना समाधान दिवस में सात शिकायत दर्ज हुई। जिनमें से चार शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। शासन के निर्देश पर शनिवार को कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की फरियाद वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार ने सुनी। थाना समाधान दिवस में सात शिकायत दर्ज हुई, जिसमें से चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी बची तीन शिकायतों का निस्तारण करने हेतु टीम रवाना कर दी गई। वरिष्ठ उप निरीक्षक द्वारा थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों को गंभीरता से लेने एवं मानक के अनुरूप निस्तारण करने की बात कही। थाना समाधान दिवस में राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी में कर्मचारी मौजूद रहे।

### भगत सिंह जयंती पर हुई बैठक

**हसनपुर, अमृत विचार :** शनिवार को बाईपास मार्ग स्थित मैथिली गार्डन के सभागार में सरदार भगत सिंह की जयंती के अवसर पर भारत राष्ट्रीय सेवक संघ के तत्वाधान में बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. विनोद नागर सहित अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक प्रारंभ करने से पूर्व सभी अतिथियों एवं पदाधिकारी द्वारा सरदार भगत सिंह के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. विनोद नागर नेकी तथा संचालन सतपाल सिंह द्वारा किया गया। बैठक में विक्रम सोलंकी, विशाखा त्यागी, राजेंद्र भाटी, छाया सागर, जॉनी एल्विना, मंजू चौहान, मनोज दास, धीरज सिंह, अशोक कुमार, सतपाल सिंह, उदयवीर सिंह, अतीक अहमद, योगेंद्र सिंह आदि रहे।



### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**सैदनगली, अमृत विचार :** सैदनगली थाना प्रभारी विकास सहरावत के नेतृत्व में पुलिस ने त्योहारों को ध्यान में रखते हुए और समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कस्बे में पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च के दौरान थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, संवेदनशील मार्गों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों तथा सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गई। साथ ही आमजन को सुरक्षा का संदेश देते हुए पैदल मार्च कर कानून व्यवस्था पर सतत पुलिस निगरानी का आश्वासन दिया गया।



राम आरती करते जिला पंचायक अध्यक्ष व पालिकाध्यक्षा शशि जैन।

# राम बरात पर की पुष्पवर्षा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** श्री धार्मिक रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव में भगवान राम की बरात निकाली गई। मथुरा से आए कलाकारों ने लठमार होली का आयोजन किया। साथ ही महाकाल भस्म आरती की गई। राम बरात में झांकियों ने सभी का मन मोह लिया।

शहर के हिंदू इंटर कॉलेज के बाहर वाले मैदान में श्री धार्मिक रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान रामलीला महोत्सव में भगवान राम की बरात निकाली गई। रामबरात का आरंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर व पालिकाध्यक्ष शशि जैन ने किया। भगवान राम की बरात में अघोरियों नृत्य किया। इस शोभायात्रा में विमल कुमार टंडन, करुणेश गोयल, शार्दुल अग्रवाल, राकेश वर्मा, कुमार विनीत अग्रवाल, कपिल शर्मा, नमन जैन रमन रघुवंशी, अजय कुमार अग्रवाल अशोक गुप्ता, हरीश अरोड़ा ओम नौटियाल, विकास टंडन, अंकित गुप्ता, प्रेम सिंह सैनी, हरि सिंह रहे।

## ट्रक का स्टेयरिंग फेल बड़ा हादसा होने से बचा

**गजरौला, अमृत विचार :** सरकारी अस्पताल के सामने ट्रक का स्टेयरिंग फेल हो गया। जिसके बाद ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर रूक गया। इस दौरान सड़क से जा रहा बाइक सवार युवक चपेट में आकर चोटिल हुआ है। हादसे के बाद भीड़ जुटने पर जाम लग गया।

हादसा शनिवार दोपहर करीब ढ़ाई बजे का है। एक ट्रक चौपला दिशा की तरफ से आ रहा था। जैसे ही वह रेलवे ओवरब्रिज से नीचे उतारा तो उसका स्टेयरिंग फेल हो गया। इसके बाद वह अनियंत्रित होकर सरकारी अस्पताल के सामने सड़क के डिवाइडर पर चढ़कर रूक गया। इस दौरान इंदिरा चौक से चौपला की तरफ जा रहा एक बाइक सवार युवक ट्रक की चपेट में आया और फिर बाइक गिरने से वह घायल हो गया। मौके पर जुटी भीड़ ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। कस्बा प्रभारी जोगिंद्र सिंह ने बताया कि ट्रक को क्रेन के जरिये हटवाया गया है।

# श्रद्धालुओं ने मंदिरों में की मां कात्यायनी की पूजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के छठे दिन मंदिरों में मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की गई। घरों में स्थापित कलशों की पूजा कर व्रत रख सुख-शांति की कामना की।

देवी को सुगंधित पुष्प के साथ फल और मिष्ठान आदि का भोग लगाकर आरती की गई। श्रद्धालुओं ने हवन सामग्री के साथ ही धूप,कपूर, लौंग, सूखे मेवा, मिश्री-मिष्ठान, देशी घी के साथ आहुति देकर पूजन किया। इसके साथ ही कई श्रद्धालुओं ने दुर्गा सप्तसती का पाठ भी किया। दुर्गा देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। इसी तरह श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर, बाबा गंगानाथ मंदिर समेत शहर के सभी मंदिरों में सुबह से ही माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शाम को महिलाओं ने घरां के पास स्थित मंदिर में जाकर माता रानी की भेंट गाकर मां स्कंदमाता से आशीर्वाद मांगा। धूप-दीपक आदि जलाकर मां को चुनरी, सुपारी नारियल चढ़ाया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मां कात्यायनी की पूजा विधि-विधान के संग की गई।

**भक्तों ने मां कात्यायनी की पूजा की : हसनपुर :** शारदीय नवरात्र के छठे नवरात्र को भक्तों ने मां कात्यायनी की पूजा कर घर परिवार में सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। महिलाओं ने मंदिरों में भजन-कीर्तन कर माता रानी का गुणगान किया। शनिवार को गांव सोहरका मार्ग स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पर शारदीय नवरात्रों के चलते सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। भक्तों ने नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की आराधना कर परिवार में समृद्धि की कामना की।

## सिटी ब्रीफ

### स्पोर्ट्स स्टेडियम में 3 को होगी सीनियर महिला बास्केटबॉल

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि सीनियर महिला बास्केटबॉल जिला स्तरीय प्रतियोगिता 3 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे से शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम पर होगी। इसके अलावा सब-जूनियर बालक कबड्डी जिला स्तरीय प्रतियोगिता 9 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे से इसी स्टेडियम में होगी। बताया कि प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 5 से 8 अक्टूबर तक मेरठ में होगी। प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता 13 से 15 अक्टूबर तक गौतमबुद्धनगर में होगी।

### मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी के निर्देश

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकार्ड की समीक्षा बैठक हुई। नगर मजिस्ट्रेट ने नवयुवकों में नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही मेडिकल स्टोर्स एवं अन्य स्थानों पर हो रहे अवैध कारोबार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई। बैठक में अब तक की गई कार्यवाई से नगर मजिस्ट्रेट को रूबरू कराया गया। इस अवसर पर सहायक आबकारी आयुक्त रेडिको खेतान आसवनी, जनपद के आबकारी निरीक्षक सहित पुलिस विभाग, ड्रग विभाग, जीएसटी, शिक्षा विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आज तीन घंटे गुल रहेगी बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता पीके शर्मा ने बताया कि रविवार को प्रातः 10 बजे से लेकर 13 बजे तक आगामी त्योहार और अनुरक्षण माह के दृष्टिगत अजीतपुर प्रथम और द्वितीय उपकेंद्र पर अनुरक्षण, मरम्मत और टेस्टिंग का कार्य किया जाना है। जिसके चलते ज्वाला नगर, कृष्ण विहार, आगापुर, सीआरपीएफ कालोनी, लक्ष्मी नगर, विकास नगर, अजीतपुर, लाल मस्जिद, शाहबाद रोड, मदीना मस्जिद, बैंक कॉलोनी, विष्णु विहार, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, अजीतपुर, पसियापुरा, टिकटगंज, रायपुर दीक्षित कॉलेज आदि की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से 3 घंटे के लिए बाधित रहेगी।

### छात्रवृत्ति के लिए जमा करें शैक्षणिक प्रमाण पत्र

रामपुर, अमृत विचार : जिला अलपसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने बताया कि वर्ष 2025-26 के अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए संचालित कक्षा 9-10 और कक्षा 11-12 के 684 छात्रों को छात्रवृत्ति के 20 .77 लाख रुपये भेज दिए गए हैं। इसके अलावा कहा कि आगे छात्रवृत्ति पाने के लिए अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राएं ऑन लाइन आवेदन की हार्ड कापी, शैक्षिक प्रमाण पत्र, अंक पत्र, आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र अध्यनरत संस्थान में जमा कराएं। समय से शैक्षिक दस्तावेज जमा होने से छात्रवृत्ति की धनराशि मिलने में दिक्कत नहीं आएगी। साथ ही बच्चों की पढ़ाई सुचारू रह पाएगी।

### 30 सितंबर का हो घोषित हो अवकाश

**रामपुर, अमृत विचार :** उ. प्र. जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने डीएम को पत्र भेजा है। जिसमें लिखा है कि गत वर्ष नवरात्रों में स्थानीय अवकाश आपके स्तर से घोषित किया था। अतः अष्टमी का स्थानीय अवकाश 30 सितंबर को घोषित करें।

# दिव्यांगों को दीं 100 ट्राईसाइकिल

## रंगोली मंडप में राज्यमंत्री ने 5 ब्रेल किट और 5 स्मार्ट केन का किया वितरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल बांटते राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रंगोली मंडप में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने दिव्यांगों को 100 ट्राईसाइकिल, 5 ब्रेल किट, 5 स्मार्ट केन एवं 20 जोड़ी बैसाखी का वितरण किया।

रंगोली मंडप में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण अनुदान योजना उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि शिविर में 100 ट्राईसाइकिल, 5 ब्रेल किट, 5 स्मार्ट केन एवं 20 जोड़ी बैसाखी का वितरण दिव्यांगजनों को किया गया। उपकरण मिलने से दिव्यांगों के चेहरे पर खुशी देखी गई। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग सदस्य सुनीता सैनी, जिला प्रभारी राजा वर्मा, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सूर्य प्रकाश पाल उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नन्द किशोर कलाल मौजूद रहे।

- **20 जोड़ी बैसाखी भी दी, खिले पात्रों के चेहरे**

## 51.505 किग्रा चरस व डोडा चूर्ण कराया नष्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवार को सुशीला बायो मेडिकल वेस्ट प्लांट अगवानपुर में कुल 31 माल चरस, डोडा चूर्ण (51.505 किग्रा) का विनष्टिकरण कराया गया।

जिले में माल निस्तारण के लिए 15 सितंबर को अभियान के तहत सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर शनिवार को सुशीला बायो मेडिकल वेस्ट प्लांट, फतेहपुर विश्नोई, अगवानपुर मुरादाबाद में इन्सीनेटर के माध्यम से जनपद रामपुर पुलिस द्वारा विभिन्न अभियोगो से संबंधित एनडीपीएस एक्ट मालों के विनिष्टीकरण की कार्रवाई की। पुलिस द्वारा उत्कृष्ट पैरवी करते हुए न्यायालय से आदेश प्राप्त कर एनडीपीएस एक्ट के अभियोगों से सम्बन्धित कुल 31 माल 4.43 किग्रा चरस, 46.50 किग्रा डोडा चूर्ण, 0.575 किग्रा अन्य कुल वजन 51.505 किग्रा का विनष्टीकरण कराया गया।

## नितीश बने मंडी समिति के अध्यक्ष



फूल मालाओं से किया गया व्यापारियों का स्वागत। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक मंडी समिति परिसर में हुई। इस अवसर पर मंडी प्रभारी शाहिद, नूर अली, नाजिश ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी के निर्देश पर नितीश अग्रवाल को निर्विरोध मंडी समिति का मंडी अध्यक्ष नियुक्त किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि नवीन फ्रूट और सब्जी मंडी में जो दुकाने हैं वह बहुत छोटी बनाई गई है। दुकानों के आगे चबूतरे भी दिए थे उनको तोड़ दिया गया है। लाखों रुपये के टीन शेड बर्बाद कर दिए गए। छोटी दुकानों में फ्रूट और आलू प्याज और किसानों की सब्जी बर्बाद हो रही है। मंडी समिति में वोटिंग मशीन पेटियां रखी जाती हैं। जिससे व्यापारियों को सड़कों पर आना पड़ता है। इस समस्या को भी ध्यान में रखते हुए चुनाव की वोटिंग मशीन व पेटियां कहीं और शिफ्ट कराई जाएं। नवीन मंडी में ए श्रेणी सी श्रेणी व बी श्रेणी की दुकानें बनना आवश्यक है। नवीन मंडी में तीन गेट बने हुए हैं। जिसमें केवल एक ही गेट से यातायात का आवागमन हो रहा है मांग की जाती है कि मंडी में दूसरा गेट भी खुलवाया जाए ताकि, आवाजाही में दिक्कत नही हो। स्वच्छ शीतल जल उपलब्ध कराया जाए।

## मंत्री के आश्वासन पर सहकारिता कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

**रामपुर, अमृत विचार :** सहकारिता मंत्री जीपीएस राठौर के आश्वासन के बाद सहकारिता कर्मचारियों ने बेमियादी हड़ताल 9वें दिन खत्म कर दी है। बी पैक्स कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि धरना प्रदर्शन खत्म कर कर्मचारी काम पर लौट गए हैं।

वेतन वृद्धि और पदोन्नति किए जाने की मांग को लेकर सहकारिता कर्मचारियों को 19 सितंबर से प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन चल रहा था और कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर थे। शुक्रवार की शाम सहकारिता मंत्री के अलावा आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता योगेश कुमार, अपर आयुक्त सहकारित आरके कुलश्रेष्ठ, संयुक्त सचिव एके सिंह के अलावा कर्मचारी संगठनों के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी जयवीर सिंह चौहान, अरविंद सिंह चौहान, विजय कुमार, शैलेंद्र तिवारी, विजय पांडेय के बीच वार्ता हुई। सहकारिता मंत्री ने आश्वासन दिया कि तीन माह के भीतर वेतन वाली मांग को पूरी की जाएगी।

## नगर पालिका और शहर में तय करें सफाई की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **2 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर हुई बैठक**

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों सें सम्बन्धित बैठक हुई।

जिसमें अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान ने निर्देश दिए कि नगर पालिका शहर में साफ-सफाई, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था तय करें। पुलिस विभाग को सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई।विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने का निर्देश दिए।सद्भावना दौड़, गांधी स्मारक पर माल्यार्पण, प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, ध्वजारोहण, स्वास्थ्य शिविर और छात्र-छात्राओं के बीच निबंध, वाद-विवाद तथा चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। स्वास्थ्य विभाग को जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, कारागार और छात्रावासों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने तथा रोगियों को फल वितरण करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग को प्रभात फेरी और प्रतियोगिताओं के सफल संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी और शास्त्री के जीवन मूल्यों सत्य, अहिंसा, त्याग, सेवा, स्वच्छता और राष्ट्रीय एकता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अपनी-अपनी जिम्मेदारियां समयबद्ध के साथ पूरी करें, ताकि जयंती के अवसर पर होने वाले आयोजन गरिमापूर्ण और अनुशासनपूर्वक सम्पन्न हो सकें। इस अवसर पर समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नरपतनगर में जच्चा बच्चा केंद्र सील

**स्वार, अमृत विचार:** नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में गली मोहल्लों में नर्सिंग होमों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। इन अस्पतालों में जच्चा और बच्चों की जान भी जा चुकी है। काफी दिनों से स्वास्थ्य विभाग को नर्सिंग होम संचालकों शिकायतें मिल रही थीं। जिस पर शनिवार को जिला नोडल अधिकारी डॉ. देवेश चौधरी ने नगर में बिना पंजीकरण, झोलाछापों एवं फर्जी तरीके से संचालित नर्सिंग होमों के खिलाफ अभियान चलाया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर पंचायत नरपत नगर में जहरा क्लीनिक जच्चा बच्चा केंद्र पर छापा मार कार्रवाई की। जिला नोडल अधिकारी ने मौके पर मौजूद स्टॉफ से अस्पताल के पंजीकरण एवं अभिलेख मांगे,लेकिन स्टाफ अस्पताल का पंजीकरण अभिलेख नहीं दिखा सका। जिस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जच्चा-बच्चा केंद्र को सील कर दिया। टीम की कार्रवाई से अन्य फर्जी संचालकों में हड़कंप मच गया।अस्पतालों के शटर गिरा कर गायब हो गए। जिला नोडल अधिकारी ने बताया कि फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नही किया जायेगा।

# आवारा कुत्तों का आतंक, लोग परेशान

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। आए दिन हो रही काटने की घटनाओं से नगरवासी दहशत में हैं। छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग खास तौर पर इस समस्या से परेशान हैं।कई मामलों में लोग घायल होकर अस्पताल तक पहुंच रहे हैं।

इसी समस्या को लेकर नगर के सभासदों ने शनिवार को उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर को पत्र सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों को पकड़ा जाए। उन्हें दूसरे स्थान पर भेजने की व्यवस्था हो। साथ ही, समस्या के स्थायी समाधान के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। ताकि जनता को राहत मिले। ज्ञापन सौंपने वालों में सभासद रईस भूरा, मशरूर अहमद, वसीम गुड्डू सहित अन्य लोग शामिल रहे।

इसके अलावा कुछ नगर पालिका परिषद के सभासदों ने सोशल मीडिया के माध्यम से पालिका अध्यक्ष अधिशासी अधिकारी से कुत्तों की संख्या कम करने के लिए सरकार के नियम अनुसार कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान सभासद एम सगीर, नेता तसलीम, आसिफ अंसारी आदि रहे।

### शादी समारोह में युवक को कुत्ते ने काटा

**टांडा, अमृत विचार :** शुक्रवार शाम मोहल्ला रांड निवासी युवक माजुल मोहल्ले में ही एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। जैसे ही वह कुर्सी पर बैठा तो पीछे से आए दो-तीन कुत्तों के झुंड में से एक ने अचानक उसके पैर पर हमला कर दिया और उसके पैर में गहरा घाव कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाकर कुत्तों को भगाया। घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के साथ एंटी-रेबीज़ वैक्सीन (एआरवी) लगाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आए दिन किसी न किसी के काटने की घटनाएं हो रही हैं। मोहल्ला रांड में भी चौबीस घंटे के अंदर दो घटनाएं हो गयीं, जिससे लोगों में दहशत है।

## श्रद्धालुओं ने किया मां स्कंदमाता का पूजन

**रामपुर, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र में शनिवार को श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। मां को रोली का टीका लगाकर अज्ञारी में घी, लौंग चढ़ाया और उसके बाद आरती की गई । मंदिरों में भी पूजा अर्चना की गई। शनिवार सुबह भक्तों ने विधि-विधान के साथ उपवास रखकर मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। पहले माता का रोली से टीका करके पुष्प व फल चढ़ाए। आरती व दुर्गा चालीसा के पाठ के साथ पूजन किया। श्रद्धालुओं ने हवन सामग्री के साथ ही धूप, कपूर, लौंग, देशी घी के साथ आहुति देकर पूजन किया। पंडित विश्वनाथ मिश्र ने बताया कि मां स्कंदमाता की पूजा संतान सुख के लिए की जाती है।

# सीता का हरण होते ही पंडाल में पसरा सन्नाटा



रामलीला मैदान के मंच पर मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **रामलीला मैदान के मंच पर कलाकारों ने किया जीवंत मंचन**

**अमृत विचार:** शनिवार की रात उत्सव पैलेस रामलीला मैदान के मंच पर जैसे ही रावण द्वारा सीता हरण किया गया तब पंडाल में सन्नाटा पसर गया। उसके बाद श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता देख दर्शक भाव विभोर हो गए। जय श्रीराम के जयकारों से वातवारण गूंज उठा।

शनिवार सुबह बालकृष्ण की लीलाओं का कलाकारों ने मंचन किया। रात 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने मंच संभाला और एक के बाद एक जीवंत प्रस्तुतियां दीं। खरदूषण वध का पराक्रम, सीता हरण की वेदना, जटायु मोक्ष का बलिदान, शबरी प्रसंग की अद्वितीय भक्ति, और राम-सुग्रीव मित्रता का हृदयस्पर्शी प्रसंग इन सभी मंचनों ने दर्शकों की भावनाओं को झकझोर दिया। कार्यक्रम के दौरान मेंथा कारोबारी अरविंद नंदा, समाजसेवी संजीव अग्रवाल और प्रॉपर्टी डीलर सुमित अग्रवाल को समिति की ओर से शॉल, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार गर्ग, सुनील गोयल, सुभाष चन्द्र अग्रवाल, ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद गुप्ता, वेद प्रकाश वर्मा, अरविंद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, निर्भय गर्ग, कमलेश अग्रवाल, डॉ. अजय अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल चौरसिया, श्रीराम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**वनवास पर गए श्री राम, भावुक हुए दर्शक : शाहबाद।** अयोध्या में श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारियां चल रही हैं, हर तरफ खुशी है। इस बीच महाराजा दशरथ कैकयी को मनाने कोप भवन में जाते हैं तो कैकेयी श्रीराम को वनवास और भरत को अयोध्या का राजा बनाने की मांग रखती है। रा पिता के दिए वचन की खातिर खुशी पूर्वक वन जाना स्वीकार कर लेते हैं। राम, सीता व लक्ष्मण जब वन के लिए प्रस्थान करते है तो अयोध्यानगरी रो पड़ती है। इस मौके पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, महाप्रबंधक देवेन्द्र अग्रवाल, महामंत्री सुरेश बाबू गुप्ता, व्यपारी नेता मुकेश चन्द गुप्ता, महेश कुमार गुप्ता, अन्नुरावत, जीके पाठक, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, रोहित बरनवाल आदि मौजूद रहे।

### लक्ष्मण ने काटी शूर्पणखा की नाक

श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से ज्वाला नगर में शनिवार रात अनसूया उपदेश, सूतीश्नण मिलन, शुर्पणखा नासिका छेदन आदि का अत्यंत मनमोहक मंचन राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों द्वारा किया। कलाकारों द्वारा दिखाया की शूर्पणखा श्रीराम लक्ष्मण से विवाह का प्रस्ताव रखती है। प्रभु श्रीराम के द्वारा नकारने पर रुष्ट होकर माता सीता की ओर झपटती है तब क्रोधित होकर श्रीराम के आदेश पर लक्ष्मण शूर्पणखा की नाक काट देते हैं। शूर्पणखा लंका जाकर रावण को आपबीती सुनाती है। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डॉ. तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, अनुज सक्सेना, आशु गुप्ता, डॉ. अनिल सक्सेना, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, संजू बाबा, नवनीत सक्सेना, संजू प्रजापति, अन्नु गंगवार, पीयूष कुमार, मोहित मल्होत्रा, धर्मवीर यादव, रामेंद्र गुप्ता, देवेश गुप्ता, दिनेश कश्यप, पुनीत अग्रवाल, अन्नु सक्सेना, अरुण कीर्ति सक्सेना, संजीव दयाल सक्सेना, विक्की सक्सेना, अनुज यादव, राजेश नायक, रवि रामपुरी, मक्खन लाल सैनी, सोनू शर्मा, अखिलेश बिसारिया, प्रेमपाल यादव, विनोद कश्यप, राजीव लोचन समेत समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### निषाद राज मिलन व केवट संवाद का मंचन

सिविल लाइंस के आदर्श रामलीला मैदान में श्री हरि रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला मंचन हो रहा है। शनिवार को कलाकारों द्वारा निषाद राज से मिलन, केवट संवाद, चित्रकूट, दशरथ मरण का मंचन किया गया। इस मौके पर अमरनाथ खनेजा, राकेश जुनेजा, राधा किशन, जगन्नाथ चावला, राजू अरोरा, संजीव कपूर, प्रेमपाल, नवीन भाटिया, अभिषेक खनेजा, राकेश शर्मा, राजेंद्र कुमार पाल, राजू अरोरा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### छात्रा ने धरा मां दुर्गा का स्वरूप



**रामपुर, अमृत विचार :** मॉडल प्राथमिक विद्यालय में मिशन शक्ति के तहत शनिवार को नवरात्रि का आयोजन धूमधाम से किया गया। बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय में गुजरात के नृत्य डांडिया की धूम रही। सीता हरण का मंचन कक्षा 5 के बच्चों ने किया ।कक्षा 3 के बच्चों ने रक्तबीज और काली मां से संबंधित नाटक प्रस्तुत किया। मां दुर्गा के रूप में महिला शक्ति को कक्षा पांच की छात्रा ने प्रस्तुत किया। परियोजना निदेशक हरिश्चंद्र प्रजापति एवं खंड विकास अधिकारी ब्लॉक बिलासपुर द्वारा निरीक्षण किया। विद्यालय की सराहना की। कक्षा एक और दो के बच्चों से बातचीत की और लाइब्रेरी देखी। प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में एकता, सभी धर्म के सम्मान की भावना विकसित होती हैं। इस अवसर पर प्रिया सिंह ,नीलम राणा ,गायत्री,कमलेश,रसोईया भूरी सुनहरी सुषमा उपस्थित रहे।



### अमन कायम करने की जरूरत

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानु की पंचायत कुलजीत सिंह के आवास पर हुई। जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि बरेली जैसी घटनाओं से हम सबको बचना चाहिए। जानी मानी हस्ती आला हजरत रहमतुल्ला आले के पोते भोले भाले गरीब किसान मजदूर को धर्म की आड़ में धकेल कर अपनी राजनीति चमका रहे हैं। सब को मिलकर पूरे उत्तर प्रदेश के साथ-साथ देश में अमन कायम करने की जरूरत है। तौकीर रजा को माफी मांगनी चाहिए। बरेली के साथ-साथ पूरे उत्तर प्रदेश और देश के लोगों से पोस्ट से क्या साबित करना चाहते हैं अगर आप मोहब्बत करते हो हर इंसान मोहब्बत करता है। अगर हम किसी से मोहब्बत करते हैं तो गले में तख्ती डालकर उसके नाम की घूमे दीवारों पर पोस्टर लगाए,यह कैसी मोहब्बत है। भारतीय किसान यूनियन भानु शीघ्र बरेली के एडीजी से मुलाकात करेगा। पंचायत में जनरल सिंह, अमरजीत सिंह, मुराद खान, मक्खन सिंह चौहान, बलजीत सिंह, रमेश कुमार,अब्दुल हसन, श्याम मोहन पांडे आदि मौजूद रहे।

### डांडिया में जमकर थिरकीं महिलाएं



**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवार को हाईवे किनारे स्थित एक होटल में डांडिया हुआ। जिसमें महिलाओं ने जमकर धमाल मचाया। देर शाम तक कार्यक्रम हुआ। रामपुर लेडीज क्लब की ओर से हाईवे किनारे स्थित होटल में डांडिया उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में क्लब की पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य आकर्षण डांडिया रहा। इसके अलावा क्वीन, सरप्राइजेज, ग्रुप डांस रहे। चेयरपर्सन वंदना सहगल ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम करने से एकजुटता बढ़ती है। समय-समय पर क्लब की ओर से कार्यक्रम किए जाते हैं। इस मौके पर सुरभि गुप्ता,शिवांगी कपूर, अंकिता सिघल, शीतू ग्रोवर, रुचि सिघल, रुचि ग्रोवर, पलक,प्रिया, शुभी, श्रेया, शुभागी, दिवांशी, निहारिका, इशिता, रिधि, दिव्या, प्रिंसी, सोना,सीमा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### वाल्मीकि के प्रकाट्य दिवस पर अवकाश घोषित

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य के आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश के हर जिले में भगवान वाल्मीकि के प्रकाट्य दिवस पर छुट्टी के लिए प्रदर्शन किए जा रहे थे। 7 अक्टूबर को अवकाश घोषित की मांग की गई थी। शनिवार को सरकार द्वारा अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिसके बाद भावाधस भीम ने सरकार का शुक्रिया अदा किया है। इस अवसर पर कुमार एकलव्य ने बताया कि 7 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर अवकाश घोषित कर दिया है। इस मौके पर हनी कटारिया, राहुल सिंह, शरीफ, लाला, महेश, अनिल, अतीक ने मिठाई बांटी।

### एएसपी ने थाना गंज का किया निरीक्षण, देखे अभिलेख

**रामपुर, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने शनिवार को थाना गंज व कोतवाली का निरीक्षण किया। थाना कार्यालय पर बने अपराध , त्योहार, मालखाना , विवेचना रजिस्टर को चेक किया। उसके बाद फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयां देखीं। मिशन शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली एवं मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात बाद त्योहार, अपराध नियन्त्रण के दृष्टिगत पैदल गश्त की गई । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना गंज व कोतवाली मय पुलिस बल उपस्थित रहे।

# सुरक्षाः डीएम ने तैनात किए मजिस्ट्रेट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा,शारदीय नवरात्रि का पर्व 22 से शुरू होकर 2 अक्टूबर विजयादशमी का पर्व मनाया जायेगा। दुर्गा पूजा,दशहरा ,मेलों, शोभायात्राओं आदि के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिसके मद्देनजर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

कोसी मन्दिर के निकट रामलीला मैदान, ज्वालानगर में रजा टैक्सटाइल्स एवं आदर्श रामलीला मैदान सिविल लाइन्स में रामलीला का आयोजन प्रारम्भ हो गया है। कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने के लिए मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगायी गई है। रजा टैक्सटाइल्स परिसर ज्वालानगर थाना सिविल लाइन में 2 अक्टूबर को आयोजित मेले में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी संजय कुमार, नायब तहसीलदार सदर देवेश पाण्डेय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत, जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी को तैनात किया है। रामलील मैदान आदर्श कालोनी में डिप्टी कलेक्टर आशुतोष कुमार, चकबन्दी अधिकारी आदित्य कुमार, पंचायतराज अधिकारी नत्थूलाल को तैनात किया है। 16 को पनवड़िया रामलीला में खंड विकास अधिकारी चमरौआ प्रमोद सिंह, नायब तहसीलदार सदर मानवेन्द्र सिंह को तैनात किया। पंजाबनगर रामलीला में उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वेद प्रकाश तैनात रहेंगे। 2 को कोसी मार्ग रामलीला में डिप्टी कलेक्टर अनुराग सिंह, तहसीलदार सदर कृष्ण कुमार चौरसिया, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई नवीन कुमार सिंह, उप निदेशक कृषि राम किशन सिंह, प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या की ड्यूटी लगाई गई है।

### ये अधिकारी रहेंगे तैनात

30 सितंबर को हामिद गेट थाना क्षेत्र कोतवाली लंका दहन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर राजेश कुमार, तहसीलदार सदर कृष्ण कुमार चौरसिया, नायब तहसीलदार सदर मानवेन्द्र सिंह को तैनात किया गया है। 1 अक्टूबर को चौकी पुराना गंज थाना गंज से प्रारम्भ होकर रावण वध, दहन कार्यक्रम में भूमि संरक्षण अधिकारी भगवत सरन, अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य को तैनात किया गया है।

# बिजली कटौती से लोगों में रोष



बिजली कर्मचारी को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कांग्रेस से सेवादल के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां ने अंधाधुध बिजली कटौती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करके एसडीओ को संबोधित ज्ञापन बिजली विभाग के कर्मचारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा की शहर में अंधाधुंध बिजली कटौती से जनता बेहाल है।ऐसे समय में बिजली कटौती की जा रही है।स्कूली बच्चों के पेपर चल रहे हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। बिजली आने जाने काकोई समय नहीं है जब चाहते हैं बिजली कटौती कर लेते हैं शेड्यूल के हिसाब से रामपुर को बिजली नहीं मिल पा रही है। जनता में रोष उत्पन्न हो रहा है खासतौर से इस माह में बच्चों की परीक्षाएं हो रही हैं। उसके बावजूद बिजली कटौती की जा रही है लोग बिजली कटौती से परेशान हैं। मांग है कि अनावश्यक रूप से जो बिजली कटौती न की जाए।

